तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 17.6 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 23 मार्च 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




अरपा नदी के गंदे पानी से किसाने कर रहे खेती।

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची पर दावा आपत्ति आज तक

**बिलासपुर।** शिक्षक गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित मंगला के मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 23 मार्च तक सोसाइटी कार्यालय में या कार्यालय उप पंजीयक बिलासपुर में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्वेता दुबे के समक्ष सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में 24 मार्च को सवेरे 11 बजे किया जाएगा।

### शालीमार-एलटीटी में तीन अतिरिक्त कोच 27 तक

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के स्टेशनों से गुजरने वाली 18030/018029 शालीमार-एलटीटी और एलटीटी से शालीमार के बीच चलने वाली एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी-थ्री और स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराया है। यह सुविधा 21, 22, 23, 24, 26, 27 मार्च को शालीमार से रवाना होने वाली 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में उपलब्ध रहेगी।

### नई किताबों पर शिक्षकों की ट्रेनिंग 27 से

**बिलासपुर।** नवीन पाठ्यपुस्तकों पर प्राथमिक शाला शिक्षकों का प्रशिक्षण गर्मी की छुट्टियों में कराया जाएगा। इसके लिए राज्य स्तर पर जिला स्रोत व्यक्तियों के 5 दिवसीय ऑफलाइन प्रशिक्षण 27 से 31 मार्च तक एससीईआरटी रायपुर में होगा। इससे पहले 23 से 24 मार्च तक रोजाना 2 घंटे का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# आधी रात कपड़ा दुकान में लगी आग

## लाखों का नुकसान



प्रताप चौक के पास स्थित साक्षी फैशन दुकान में लगी आग।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आधी रात कपड़ा दुकान में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने पानी डालकर अगल-बगल की दुकान को आग की चपेट में आने से बचाया। दमकल आने पर 4 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया है। आग से दुकान में रखे लाखों रुपए के कपड़े व फर्नीचर जल गए हैं।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, प्रताप चौक में कृष्णा बनर्जी साक्षी फैशन कपड़ा की दुकान चलाते हैं। शुक्रवार को वे कपड़ा खरीदने के लिए दिल्ली गए थे और खरीदी कर वापस लौट रहे थे। रात 3 बजे उन्हें लोगों ने मोबाइल में फोन कर बताया कि उनकी दुकान से धुंआ निकल रहा है। उन्होंने अपने भाई को फोन कर दुकान में आग लगने की जानकारी दी। उसके बाद उनके भाई रिश्तेदारों के साथ दुकान पहुंचे। शटर खोलकर देखे तो अंदर भीषण आग लगा हुई थी। अंदर में भारी मात्रा में कपड़े व फर्नीचर रखे होने से आग ने भीषण रूप लिया था और आग की लपटें बाहर निकलकर अगल बगल की दुकानों में जा रही थी। इधर आग लगने की खबर से हड़कंप मच गया था और लोगों की भीड़ लग गई थी। इसी दौरान एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई। दमकल के पानी से आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किया गया। 4 घण्टे मशक्कत के बाद सुबह 7 बजे आग पर काबू पाया गया है। आग से दुकान में रखा पूरा सामान व फर्नीचर जल गया है। शार्टसर्किट से आग लगने से आशंका जताई जा रही है।



### लोगों की सक्रियता से बची दो दुकान

प्रताप चौक में कतार से दुकानें बनी हुई हैं। कपड़ा दुकान के एक साइड में मेकअप की दुकान व दूसरी दुकान खाली थी। कपड़ा दुकान से आग की लपटें दोनों दुकानों तक पहुंच रही थीं। मेकअप दुकान का पोस्टर जल रहा था। लोग अगल बगल की दुकान में आग को रोकने के लिए बाल्टी एवं अन्य सामान से पानी डालने लग गए। लोगों की सक्रियता से अगल बगल की दुकान में आग नहीं लग पाई है।

### लगातार लग रही आग

एक दिन पहले सरकण्डा दैहानपारा के कचरे में आग लगाने से उसकी चपेट में आकर दो कार जल गई थीं। इसी तरह इंदिरा विहार सब स्टेशन में आग लग गई थी। इसके पहले सिरगिट्टी के पेंट फैक्ट्री व फर्नीचर फैक्ट्री में भीषण आग लगी थी।

### देर से दमकल पहुंची, आरोप

दुकान संचालक श्री बनर्जी ने आरोप लगाया है दुकान में आग लगने की सूचना देने के बाद दमकल देर से पहुंची, जिससे दुकान भीषण आग की चपेट में आ गई। समय पर दमकल पहुंच जाती तो इतना नुकसान नहीं होता।

# चालान से बचने ट्रेलर चालक ने तोड़ा कैमरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंदरी मोपका बायपास में लगे परिवहन विभाग के ट्रैप कैमरे को ट्रेलर चालक ने तोड़ दिया है। यह वारदात सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई है। जानकारों के मुताबिक ट्रेलर चालक ने गाड़ी का नंबर बदलकर इस वारदात को अंजाम दिया है। अब विभाग के अधिकारी ट्रेलर की पतासाजी कर रहे हैं।

सेंदरी मोपका बायपास में लगे पोल नंबर 2 में लगे आटोमेटिक नंबर प्लेट रिकोनाइजेशन कैमरे को ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीएस 9900 द्वारा जानबूझकर तोड़ दिया गया है। ट्रेलर चालक ने पोल पर लगे कैमरे को तोड़ने के लिए गाड़ी के डाला का उपयोग किया है, यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है। खास बात यह है कि परिवहन विभाग द्वारा लगाए गए इन कैमरों की मदद से ही ओवर स्पीड, अधिक भार और अन्य गाड़ियों को चालान भेजा जाता है। पिछले 4 माह में मोपका बायपास के पास लगे कैमरे से चालान जारी किया जा रहा है, जिससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि इसी से बचने के लिए ट्रेलर चालक ने पोल सहित कैमरे को तोड़ दिया है। आरटीओ की फ्लाइंग टीम अब इस मामले में जांच कर पुलिस में एफआईआर करने जा रही है।



### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

- परिवहन विभाग द्वारा की जा रही है जांच।
- दोषी चालक पर की जाएगी एफआईआर।

### कार्रवाई की जाएगी

चालक ने बड़ी चालाकी से कैमरें को तोड़न का प्रयास किया है। टीम मौके पर जाकर मुआयना कर चुकी है। गाड़ी और नंबर के बारे में पतासाजी की जा रही है। स्टाफ को एफआईआर कराने के लिए कहा गया है। कार्रवाई की जाएगी।

\- **आसीम माथूर,** आरटीओ परिवहन विभाग

### फार्च्यूनर की है नंबर प्लेट

खास बात यह है कि वारदात को अंजाम देने के लिए ट्रेलर चालक ने पहले नंबर प्लेट को बदल दिया है। सीसीटीवी कैमरे में कैद ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीएस 9900 फार्च्यूनर गाड़ी का है। ऐसे में परिवहन विभाग इस नंबर के आधार पर आरोपी को खोजने का प्रयास कर रही है। फ्लाइंग स्कॉड के टीआई नितिन सिंह ने बताया कि घटना 15 मार्च की है, कर्मचारियों के द्वारा सेंदरी मोपका के पास लगे पोल को ड्रेमेज देखने पर सूचना दी थी, जिसपर मौके का निरीक्षण किया गया है,सीसीटीवी में कैद फूटेज के आधार पर जांच जारी है।




## खबर संक्षेप

### श्रमिक सम्मेलन में 1200 श्रमिकों को मिली योजनाओं की सौगात



**बिलासपुर।** श्रमिक प्रतीक्षालय बृहस्पति बाजार में 22 मार्च को श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर पूजा विधानी ने की। सम्मेलन में लगभग 1200 श्रमिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत पंजीकृत श्रमिक हितग्राहियों को कुल 1 करोड़ 36 लाख 88 हजार 500 रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में अंतरित की गई। मुख्य अतिथि द्वारा मंच से हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चेक भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान 6 चयनित हितग्राहियों को ई-रिक्शा की चाबियां वितरित कर उन्हें स्वरोजगार की दिशा में प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल ने अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन सुनिश्चित करने, उन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से प्रदान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

### महिला सम्मान समारोह में कवयित्री वसन्ती सम्मानित



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कुर्मी चेतना मंच द्वारा लखीराम अग्रवाल आडोटोरियम में 22 मार्च को आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं महिला सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा द्वारा कवयित्री वसन्ती वर्मा को साहित्य एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर चेतना मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष लता ऋषि चंद्राकर, ललिता संतोष कश्यप, द्रौपती कीर्तन चंद्रा, रेखा चंद्रा, दीपिका चंद्रशेखर कौशिक मंचासीन थीं।

### केवट (निषाद) समाज बिलासपुर परिक्षेत्र की वार्षिक महासभा



**बिलासपुर।** केवट (निषाद) समाज जाली लगरा बिलासपुर परिक्षेत्र का वार्षिक महासभा 21 मार्च को हाईस्कूल मैदान ग्राम डंगनिया ( खैरा) में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला थे। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय गीत अरपा पैरी की धार गायिका देवी निषाद व संगीता निषाद द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने कहा कि केवट निषाद समाज शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। समाज संगठित हो रहा है। समाज को चाहिए कि बेटियों को शिक्षा का अधिकार देना चाहिए ज्यादा से ज्यादा बेटियों को पढ़ाए इससे समाज में विकास होगा। समाज में नशा उन्मूलन अभियान चलाया जाय जिससे समाज में नशें में जो युवा संलग्न है उन्हें नशा मुक्ति के बारे में जानकारी दें जिससे युवा स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ्य मन का विकास हो। समाज अपने पुस्तैनी धंधा मत्स्य पालन को सुचारू रूप से संचालित करें जिससे बेरोजगारी दूर व आर्थिक समस्या दूर होगा। मत्स्य पालन के लिए सरकार यथासंभव प्रयास कर रहा है। बिलासा सेवा समिति ने 30 हजार रुपए का चेक सहयोग राशि प्रदान किया। ये समिति छात्रावास के लिए 30 हजार रुपए में से 7 नग पंखा लिंगियाडीह छात्रावास व 50 कुर्सी डबरीपारा छात्रावास के लिए खरीदा जाएगा। इस आयोजन में समाज की समजिक समस्या का निराकरण व समाज की विद्यार्थियों के लिए बिलासा छात्रावास डबरीपारा चांटीडीह वार्ड 49 में विधायक मद से 25 लाख में निर्माणाधीन छात्रावास भवन प्रगति में है इस वर्ष जो तैयार हो जाएगा। इस वार्षिक महासभा में राजेश सूर्यवंशी, प्रदीप कैवर्त, प्रकाशचन्द्र कैवर्त आदि मौजूद थे।

### पर्यावरण के मुख्य घटक में जल का भारतीय संस्कृति में प्रमुख स्थान : बृजेश



**बिलासपुर।** विकास संस्कृति साहित्य अकादमी के तत्वावधान में विश्व जल दिवस पर जल है तो कल है विषय पर संगोष्ठी महाराणा प्रताप भवन इमलीपारा में आयोजित की गई। इसके मुख्य अतिथि डॉ.बृजेश सिंह व अध्यक्षता एम के जैन ने की। अन्य अतिथियों में एसपी मिश्रा, एसके सिंह तथा बीएन ओझा थे। पर्यावरणविद् डॉ.बृजेश सिंह ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा कि पर्यावरण के मुख्य घटक के रूप में जल को भारतीय संस्कृति में प्रमुख स्थान प्राप्त है। जल है तो कल है अर्थात जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। डॉ.सिंह ने कहा कि वेद शास्त्रानुसार जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण परम पुनीत कार्य है। ऋषियों ने प्रकृति के घटक नदियों, पर्वतों, वनों को पूज्यनीय माना है तथा इनका संरक्षण पुण्य प्रकल्प माना गया है। अध्यक्ष श्री जैन ने कहा कि जल संरक्षण के प्रति सभी सचेत रहते हुए सामने आने की महत आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि श्री मिश्रा एस के सिंह तथा बी एन ओझा ने कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है। विकास संस्कृति पर्यावरण परिषद के द्वारा जलाशय का निर्माण कर जल संरक्षण का जमीनी स्तर पर कार्य किया गया है तथा हजारों पौधों का रोपण कर वृक्ष बनने तक संरक्षण करना समाज के लिए अनुकरणीय कार्य है। इस अवसर पर विजय बघेल, अर्जुन सिंह, बृजराज सिंह, आर पी ओझा, विनोद सिंह, ए के सोनी, विनय सिंह, प्रदीप कुमार, संदीप कुमार, दुर्गेश , अनिल कुमार ,रामकुमार सिंह सहित उल्लेखनीय संख्या में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

**आरटीईः क्लास वन में प्रवेश के लिए अब तक मारामारी नहीं** | **एडमिशन के लिए पहले चरण का रजिस्ट्रेशन 31 मार्च तक**

# सीटों की संख्या घटकर 19148 रह गई, एक सीट पर दो आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षा के अधिकार कानून (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में एडमिशन के लिए 29 हजार 100 आवेदन आए हैं। इस तरह क्लास वन की एक सीट के लिए अब तक औसत डेढ़ आवेदन ही मिले हैं। अभी रजिस्ट्रेशन के लिए 10 दिन और बचे हैं।

दरअसल, इस बार आरटीई के तहत निजी स्कूलों के क्लास वन में ही एडमिशन हो रहा है। सरकार के इस आदेश के कारण सीटों की संख्या घटकर केवल 19148 रह गई हैं। दरअसल, आरटीई के तहत निजी स्कूलों में एडमिशन के लिए पहले चरण का रजिस्ट्रेशन 31 मार्च तक होना है। प्रतिदिन ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदनों की संख्या अपडेट हो रही है। दरअसल, पहले चरण में मिले आवेदनों की स्क्रूटनी का काम निजी स्कूलों को 25 अप्रैल तक पूरा करना है। आवेदन की स्क्रूटनी 17 मार्च से शुरू भी हो गई है। इस बीच प्राइवेट निजी स्कूल एसोसिएशन ने प्रतिपूर्ति की राशि बढ़ाने की मांग करते हुए एडमिशन प्रोसेस में असहयोग करने की चेतावनी दी है।




एसोसिएशन की चेतावनी के कारण एडमिशन प्रोसेस में देरी हो सकता है। बता दें कि आरटीई के तहत निजी स्कूलों को अपनी कुल सीटों के 25 प्रतिशत पर गरीब बच्चों को एडमिशन देना होता है। राज्य सरकार इन बच्चों के एडमिशन के एवज में हर स्कूल में उपलब्ध सुविधा के अनुसार अलग- अलग राशि देती है। निजी स्कूलों की मांग है कि 13 साल से प्रतिपूर्ति की राशि नहीं बढ़ाई गई है। इसे बढ़ाया जाना चाहिए।

### निजी स्कूलों की संख्या भी घटी

इधर पिछले वर्ष जहां 540 निजी स्कूलों को आरटीई के तहत चिन्हांकित किया गया था, इस बार उनकी संख्या घटकर 528 रह गई है। इससे भी सीटों में कमी का असर साफ नजर आ रहा है। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत वर्ष 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन की जा रही है। आरटीई पोर्टल के माध्यम से आवेदन और चयन की प्रक्रिया संपन्न होगी।

### पहले चरण का शेड्यूल जारी

आरटीई प्रवेश प्रक्रिया के पहले चरण का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। इसके तहत ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है, जबकि नोडल वेरिफिकेशन की प्रक्रिया 16 फरवरी से 31 मार्च तक चलेगी। इसके बाद 13 से 17 अप्रैल के बीच लॉटरी के माध्यम से सीटों का आबंटन किया जाएगा। चयनित छात्रों का स्कूल में प्रवेश 1 मई से 30 मई के बीच कराया जाएगा, वहीं 2025-26 सत्र की शुल्क प्रतिपूर्ति का सत्यापन कार्य 25 मई से 25 जून तक पूरा किया जाएगा।

**चेयरकार वाली ट्रेन में यात्रियों को आरामदायक सफर का मिल रहा आनंद**

# बिलासपुर जोन से 3 साल में अब तक वंदेभारत ने की 93 करोड़ की कमाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तीन साल में बिलासपुर से वंदेभारत के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में 10 लाख से अधिक यात्रियों ने सफर कर लिया है। इन यात्रियों से 93 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है, जिसमें बिलासपुर से नागपुर तक जाने वाले यात्रियों से 42 करोड़ रुपए और नागपुर से बिलासपुर के बीच आने वाले यात्रियों से 39 करोड़ रुपए से अधिक आय जोन मुख्यालय को हुई है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन को पहली वंदेभारत ट्रेन की सौगात वर्ष 2022 में 11 दिसम्बर को मिली थी, जिसकी ओपनिंग प्रधानमंत्री ने नागपुर रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर की थी। वंदेभारत एक्सप्रेस को पहले 16 कोच से चलाया जा रहा था। चेयर कार और एक्सक्यूटिव चेयरकार वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में यात्रियों को आरामदायक सफर का आनंद भी मिल रहा है। इसका कारण है कि आकर्षक कोच वाली वंदेभारत एक्सप्रेस का किराया सामान्य ट्रेनों की तुलना में चार से पांच गुना अधिक है। यह ट्रेन बिलासपुर से सुबह 6 बजकर 45 मिनट पर रवाना होकर दोपहर तक नागपुर पहुंच जाती है। वहीं दोपहर 2.30 बजे नागपुर से बिलासपुर के लिए रवाना होने के बाद ट्रेन शाम 7.30 बजे स्टेशन पहुंचकर सीधे कोचिंग डिपो के लिए छोड़ दी जा रही है। शुरुआत में 16 कोच से चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में यात्रियों की संख्या कम होने के कारण रेलवे बोर्ड के आदेश पर आठ कोच को निकाल दिया गया था। इसके बाद आठ कोच में यात्रियों की भीड़ भी बढ़नी शुरु हो गई। पहले 16 और बाद में आठ कोच में सफर करने वाले 10 लाख 27 हजार 598 यात्रियों से रेल प्रशासन ने दोनों स्टेशन के बीच करीब 93 करोड़ 2 लाख 22 हजार 811 रुपए का राजस्व तीन साल में अर्जित कर लिया है, जो सामान्य ट्रेनों की तुलना में अधिक है।



### बिलासपुर-नागपुर वर्ष वार मिली बुकिंग राशि

- बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में वर्ष 2023 के दौरान चेयरकार के 185364 यात्रियों से 13 करोड़ 7 लाख 72 हजार 143 रुपए।
- बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में वर्ष 2023 के दौरान एक्सक्यूटिव चेयरकार के 14209 यात्रियों से 2 करोड़ 16 लाख 14 हजार 108 रुपए।
- बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में वर्ष 2024 के दौरान चेयरकार के 183683 यात्रियों से 13 करोड़ 7 लाख 83 हजार 451 रुपए।
- बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में वर्ष 2024 के दौरान एक्सक्यूटिव चेयरकार के 14611 यात्रियों से 2 करोड़ 24 लाख 13 हजार 949 रुपए।
- बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में वर्ष 2025 के दौरान चेयरकार के 143511 यात्रियों से 1 करोड़ 23 लाख 85 हजार 881 रुपए।
- बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में वर्ष 2025 के दौरान एक्सक्यूटिव चेयरकार के 9571 यात्रियों से 1 करोड़ 46 लाख 71 हजार 121 रुपए।



# नवरात्रः बीमार यात्रियों का रेलवे कर रही इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डोंगरगढ़ नवरात्रि मेले में जाने वाले बीमार यात्रियों के लिए रेल प्रशासन ने स्टेशन में व्यापक व्यवस्था की है, इस दौरान बीमार यात्रियों का स्टेशन में उपचार भी किया जा रहा है।

नवरात्रि शुरु होने के साथ ही डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ भी काफी हो गई है। बिलासपुर के साथ अन्य स्टेशनों से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु डोंगरगढ़ तक ट्रेन में सफर कर रहे हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने पहले ही 10 एक्सप्रेस ट्रेनों के डोंगरगढ़ में स्टापेज का आदेश दे दिया था। अब रेलवे ने यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन करने के लिए व्यापक और विशेष व्यवस्था कर ली है। मेले के दौरान देश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं कें आगमन को देखते हुए अनेक महत्वपूर्ण ट्रेन का ठहराव स्टेशन पर देने के साथ कई ट्रेनों का विस्तार भी किया गया है। विशेष रूप से क्षेत्रीय यात्रियों की सुविधा के लिए डोंगरगढ़ के लिए मेमू स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। स्टेशन परिसर में अतिरिक्त टिकिट काउंटर, पूछताछ सेवा, प्लेटफार्म की सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। रेल कर्मियों की विशेष तैनाती पर यात्रियों को मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए डोंगरगढ़ स्टेशन पर समुचित एवं सुदृढ़ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है। स्टेशन परिसर में प्राथमिक उपचार केन्द्र स्थापित किया गया है, जहां आवश्यक दवाइयों एवं उपकरणों की उपलब्धता के अलावा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित रूप से निपटने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था भी की गई है। चिकित्सा सेवाओं को प्रभावी बनाने चौबीस घंटे डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है, ताकि यात्रियों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य कर्मचारियों की अलग-अलग शिफ्ट में तैनाती सुनिश्चित कर निरंतर सेवाएं प्रदान की जा रही है।

- **प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे रहे डोंगरगढ़**



# विद्यार्थियों का कोपरा जलाशय में पारिस्थितिकी अध्ययन




**बिलासपुर।** विश्व जल दिवस पर विकासार्थ विद्यार्थी द्वारा कोपरा जलाशय में एक दिवसीय पारिस्थितिकी अध्ययन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को प्रकृति, जल स्रोतों तथा जैव विविधता के महत्व से परिचित कराना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।

इस कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने कोपरा जलाशय क्षेत्र की प्राकृतिक संरचना, जलाशय के महत्व तथा यहां आने वाले प्रवासी पक्षियों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में बर्ड वॉचिंग, प्रकृति अवलोकन और पर्यावरण से जुड़े विषयों पर संवाद भी हुआ। विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर मिला कि आर्द्रभूमि और जलाशय किस प्रकार पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विकासार्थ विद्यार्थी के राष्ट्रीय सह संयोजक इंदीवर शुक्ला ने कहा कि जल, जंगल और जमीन केवल प्राकृतिक संसाधन ही नहीं बल्कि हमारे जीवन और संस्कृति का आधार हैं। जल स्रोतों और नदियों को जीवनदायिनी माना गया है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बढ़ते प्रदूषण, अतिक्रमण और संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण प्राकृतिक जल स्रोतों के सामने कई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं, ऐसे में युवाओं को प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण के लिए आगे आना होगा। वहीं अभाविप छत्तीसगढ़ के प्रदेश सह मंत्री हेमांसु कौशिक ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार की अध्ययन यात्राएं अत्यंत उपयोगी होती हैं। इस अवसर पर विकासार्थ विद्यार्थी छत्तीसगढ़ के प्रांत संयोजक अद्वित मिश्रा, महानगर मंत्री अतींद्र दीवान सीयू के शोधार्थी क्षीरसागर, नैतिक नामदेव, विंटर, मीनाक्षी, सुमन व अन्य उपस्थित रहे।

# पत्रकार कॉलोनी में माता जागरण भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

**बिलासपुर।** पत्रकार कॉलोनी में रविवार की रात मां भगवती की भक्ति रस से सराबोर रहा। माता जागरण में गायक भागवत मिश्रा और रहंगी की माता सेवा मंडली ने मां दुर्गा की महिमा का गुणगान किया।

पत्रकार कॉलोनी जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नन्हीं कन्या शिवांग ने दीप प्रज्ज्वलित और शंखनाद कर किया गया। गायकों ने देर रात तक देवी के भजनों से श्रद्धालुओं को बांधे रखा। माँ की आराधना और भक्तों की अपार श्रद्धा ने पूरे परिसर को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। इस मौके पर श्रद्धालुओं को हलवा प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप , कृष्ण कुमार शर्मा, समिति अध्यक्ष रामाधार देवांगन, कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला, मनोज पुरोहित, बजेश शर्मा, निमेश शुक्ला, रमन दुबे, रमेश जायसवाल, दिनेश मिश्रा, बलराम विश्वकर्मा, कमलेश शर्मा, गिरीश तिवारी, सौरभ द्विवेदी, राजेश वर्मा, कामनी पुरोहित, अनीता दुबे, पुर्णिमा विश्वकर्मा, प्राची शर्मा, बिंदु विश्वकर्मा, श्वेता तिवारी आदि शामिल हुए।

- **सेवा मंडली ने किया मां दुर्गा की महिमा का गुणगान**



### नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद वर्मा का कार्यकर्ताओं ने किया आत्मीय स्वागत

**बिलासपुर।** नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा के प्रथम बिलासपुर आगमन पर भाजपा जिला कार्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर श्रीमती वर्मा ने कहा कि पार्टी द्वारा सौंपे गए दायित्व का वह पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगी तथा क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों को राज्यसभा में मजबूती से उठाने का कार्य करेंगी। इस मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, महापौर पूजा विधानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल, सोमेश तिवारी, स्नेहलता शर्मा, वैभव गुप्ता, देवेन्द्र पाठक, श्रीकांत सहारे, दीपक साहू, रितेश अग्रवाल, विभा गौरहा, सुषमा सिंह, सुधा गुप्ता, रीना गोस्वामी, रीता भामरा, पूजा खत्री, मीना गोस्वामी, कविता वर्मा, किरण सिंह, शोभा कश्यप, कुंतल ताम्रकार, सुमन साहू, गायत्री साहू, रूख्मणी सोनी, गायत्री साहू, दीपशिखा यादव, चंचल कुशवाहा, वंदना तिवारी, निरजा सिन्हा, मिनाक्षी बोमार्डे, संतोषी देवांगन, उषा भांगे, दुर्गा अहिरवार, संतोषी देवांगन, सुमन यादव, महर्षि बाजपेयी, राजकमल कश्यप, विवेक ताम्रकार, योगेश देवांगन, स्वर्णिम तिवारी, गुलशन खाण्डेकर, संस्कार सोनी, राहुल सिंह, देवाशीष दत्ता, आदर्श बेरिया, अमन सोनी, सिद्धार्थ यादव आदि उपस्थित रहे।

**भाजपा मंडल स्तरीय कार्यशाला प्रशिक्षण में जनप्रतिनिधियों ने किया मार्गदर्शन**

# भाजपा का अधिष्ठान सिद्धान्तों में है, किसी परिवार या जाति मजहब में नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भाजपा द्वारा सम्पूर्ण देश में मण्डल स्तरीय कार्यशाला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय वरिष्ठ पार्टी नेताओं व संघ पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा।

इसी अवसर पर बिलासपुर शहर के विभिन्न मंडलों में प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला आयोजित किया गया। भाजपा जिला कार्यालय, स्व लखीराम आडिटोरियम व गजानन्द परिसर, पारिजात कॉलोनी में भाजपा के पूर्वी-उत्तर-दक्षिणी व रेलवे मण्डलों में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मण्डल स्थित प्रदेश,जिला, मण्डल, शक्तिकेन्द्र व बूथ स्तरीय सैकडों कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। वक्ता विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि भाजपा विचारधारा आधारित राजनीतिक दल है,राष्ट्र प्रथम की अवधारणा से प्रेरित हमारी पार्टी का अधिष्ठान सिद्धान्तों में है, किसी परिवार या वंश जाति अथवा मजहब में नही, राष्ट्र प्रथम,पार्टी नेक्स्ट, स्वयं अतिंम की भावना से हम अभिप्रेत है। प्रफुल्ल शर्मा, भाजपा प्रदेश मंत्री भाजपा हर्षिता पाण्डेय, जिला अध्यक्ष भाजपा शहर दीपक सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा ग्रामीण मोहित जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष भाजपा अजीत सिंह भोगल, जिला महामंत्री सोमेश तिवारी व प्रदीप कौशिक, महापौर पूजा विधानी, पूर्णेदु भट्ट द्वारा प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर लक्ष्मीनारायण कश्यप, शैलेन्द्र यादव, देवेन्द्र पाठक, राकेश लालवानी, मनोज सोनी, एस.श्रीनिवास राव सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





### कंधे से कंधा मिलाकर चले कार्यकर्ता

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने का कहना है कि प्रत्येक संगठन एक लक्ष्य को लेकर प्रारंभ होता है,उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संगठन के सुचारू संचालन के लिए एव अनुशासन बनाये रखने हेतु एक सफल कार्यपद्धति की आवश्यकता होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओ से आग्रह किया की पार्टी विचारधारा व नीतियों के साथ कन्धे से कंधा मिला कर साथ चले।

### मांस-मटन की बिक्री पर लगी रोक

**बिलासपुर।** नगर निगम ने मांस और मटन की बिक्री को लेकर नया आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक मार्च महीने में 2 दिन शहर में मांस-मटन की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। नगर निगम ने रामनवमी (27 मार्च) और महावीर जयंती (31 मार्च) के मौके पर यह प्रतिबंध लागू किया है। इस दौरान निगम क्षेत्र के सभी मांस दुकानों और बूचड़खानों को बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। निगम प्रशासन का कहना है कि धार्मिक आस्था और परंपराओं को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है, ताकि शहर में शांति और सौहार्द बना रहे। निगम आदेश के अनुसार सिर्फ दुकानों ही नहीं, बल्कि होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट में भी इन दिनों मांस और मटन की बिक्री नहीं की जा सकेगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम और जोन स्तर के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निरीक्षण करेंगे।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 23 मार्च 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255







कार्यक्रम

## आय की पहचान, एनपीए प्रावधान समसामयिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा



**बिलासपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के ऑडिटिंग एवं आश्वासन मानक बोर्ड के तत्वावधान में मोटेल सिटी में "बैंक ब्रांच ऑडिट" विषय पर एक पूर्ण-दिवसीय सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य सदस्यों को बैंक शाखा ऑडिट से संबंधित नवीनतम प्रावधानों, व्यावहारिक पहलुओं तथा उभरती चुनौतियों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ रीजनल कौंसिल मेंबर सीए दिनेश कुमार अग्रवाल एवं बिलासपुर शाखा अध्यक्ष सीए मंगलेश कुमार पांडेय के दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सेमिनार में विषय विशेषज्ञों द्वारा बैंक ब्रांच ऑडिट के महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे जोखिम आधारित ऑडिट, आय की पहचान , एनपीए प्रावधान, तथा समसामयिक मुद्दों पर विस्तृत एवं व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वक्ता सीए यश वर्मा एवं सीए आशीष बैज ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतिभागियों को ऑडिट प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं सटीक बनाने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। सेशन के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया, जिससे कार्यक्रम अत्यंत संवादात्मक एवं लाभकारी रहा। कार्यक्रम के अंत में बिलासपुर शाखा के सचिव सीए उदय चौरसिया के द्वारा सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# भारतीय दृष्टि में धर्म का अर्थ परहित, सेवा सद्भावना और समाज कल्याण से है

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष की प्रमुख जन गोष्ठी कार्यक्रम देवकी नंदन दीक्षित सभागार लालबहादुर शास्त्री विद्यालय में रविवार को हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कैलाश चंद्र ने भारतीय दर्शन, संस्कृति एवं वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति "धर्म की जय, अधर्म का नाश" का संदेश देती है, जबकि पाश्चात्य दर्शन "धर्म का पालन करने वालों की जय" की बात करता है। भारतीय दृष्टि में धर्म का अर्थ परहित, सेवा, सद्भावना और समाज कल्याण से है, जो हर प्राणी में एक ही परमात्मा का अंश देखने की प्रेरणा देता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उन्होंने महापुरुषों एवं भगवान श्रीराम के प्रसंगों के माध्यम से "सर्वे भवन्तु सुखिनः" की भावना को स्पष्ट करते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त कर समरस समाज के निर्माण पर बल दिया।

वर्तमान परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि परिवारों में संवाद की कमी के कारण युवा और उनके माता-पिता के बीच दूरी बढ़ रही है, जिससे कई युवा गलत संगति, नशे की लत, घर छोड़ने जैसी समस्याओं की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि समाज में भ्रामक परिस्थितियों के चलते लव जिहाद जैसी घटनाएँ भी बढ़ रही हैं, इसलिए युवाओं को सही मार्गदर्शन और जागरूकता की आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि संघ की शाखा समाज के लिए समर्पित, निःस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले व्यक्तित्वों का निर्माण करती है। शाखा से प्रेरित होकर विद्यार्थी परिषद, भारतीय मजदूर संघ, किसान संघ, विश्व हिंदू परिषद जैसे विभिन्न संगठन समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं।

### विभाजित करने वाली शक्तियों से सजग रहना आवश्यक

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश के समक्ष अनेक चुनौतियाँ हैं और समाज को विभाजित करने वाली शक्तियों के प्रति सजग रहना आवश्यक है। संघ द्वारा चलाए जा रहे ग्राम विकास, गौ सेवा, कुटुंब प्रबोधन, धर्म जागरण जैसे कार्यों एवं "पंच परिवर्तन" के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। अपने वक्तव्य के अंत में उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे भारतीय संस्कृति, मूल्यों और परंपराओं को अपनाकर राष्ट्र एवं समाज के हित में कार्य करें तथा एकता, समरसता और जागरूकता का वातावरण निर्मित कर देश को सशक्त बनाने में योगदान दें।

आयोजन

## हिंदी हमारी सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न अंग



**बिलासपुर।** केन्द्रीय विद्यालय सीआरपीएफ बिलासपुर में एक दिवसीय राजभाषा हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों में हिंदी भाषा के प्रभावी प्रयोग को बढ़ावा देना तथा राजभाषा नीति के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य रमाकांत कौशिक ने दीप प्रज्वलन कर किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी न केवल हमारी राजभाषा है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान का भी अभिन्न अंग है। उन्होंने सभी उपस्थितजनों से अपने दैनिक कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का आग्रह किया। मुख्य वक्ता महेंद्र कुमार हिरवानी ने हिंदी भाषा के विकास क्रम को सारगर्भित एवं प्रेरणादायक रूप से प्रस्तुत किया। राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सचिव सुनील पाण्डेय ने राजभाषा हिंदी के संवर्धन एवं उसके व्यवहारिक उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग, नोटिंग-ड्राफ्टिंग, सरल व शुद्ध हिंदी लेखन के विभिन्न पहलुओं को उदाहरण सहित समझाया। जिससे विषय को बेहतर ढंग से समझने में सहायता मिली। पुस्तकाध्यक्ष भूपेंद्र श्रीवास्तव ने पुस्तकालय में हिंदी पुस्तकों की संख्या एवं वर्ष में पुस्तकों की खरीद पर हिंदी पुस्तकों पर व्यय की जानकारी दी।

# बहराणा साहब की पूजा कर की गई अरदास





**बिलासपुर।** श्री झूलेलाल मंगलम परिसर तिफरा स्थित सांई झूलेलाल मंदिर में भगवान सांई झूलेलाल के 1076 वें अवतरण दिवस पर विविध धार्मिक आयोजन किया गया। भाई जगदीश हरदवानी के सानिध्य में बहराणा साहब की पूजा-अर्चना, इष्ट देव झूलेलाल की महाआरती की गई। श्री झूलेलाल सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सुबह गायत्री पीठ मंदिर के पंडितों ने विधि-विधान से वरुण देव यज्ञ संपन्न कराया। समिति झूलेलाल मंगलम के अध्यक्ष रूपचंद डोडवानी ने बताया कि इस अवसर पर पांच जोड़ों ने पूजा, आरती कर एक-दूसरे को वरमाला पहनाया। अध्यक्ष श्री डोडवानी ने उपस्थित सिंधी समाज के लोगों को चेट्रीचंड्र महोत्सव की शुभकामनाएं दी। विश्व में अमन, चैन, शांति के लिए भी अरदास की गई। कार्यक्रम में धीरज रोहरा, शंकर मनचंदा, जगदीश, हरीशचंद्र हरदवानी, सुशील लालचंदानी, श्याम रोहरा, बलराज, अमित वाधवानी, विजय हरियानी, प्रहलाद छुगानी, दिलीप डोडवानी, विजय दुसेजा, कंचन रोहरा, आशा लालचंदानी, शोभा, आरती वाधवानी, प्रिया हरियानी उपस्थित थे।

## सच्चा नेतृत्व अधिकार में नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और समर्पण में

**बिलासपुर।** रामायण का आध्यात्मिक महत्व एवं जीवन प्रबंधन' श्रृंखला के तीसरे दिन का मुख्य केंद्र भरत के आदर्श चरित्र पर रहा, जिसे निस्वार्थ प्रेम, त्याग और उच्च संस्कारों की सर्वोत्तम मिसाल बताया गया। वक्ता मंजू दीदी ने रामायण के अयोध्या कांड का उल्लेख करते हुए बताया कि जब भरत को राज्य मिलने का अवसर मिला, तब उन्होंने इसे स्वीकार करने से साफ इनकार कर दिया। उनके लिए राज्य से अधिक महत्वपूर्ण थे उनके बड़े भाई राम, जिनमें वे धर्म, मर्यादा और सत्य का साक्षात स्वरूप देखते थे।



राम - विवेक, सीता - पवित्रता व लक्ष्मण त्याग के प्रतीक

दीदी ने बताया कि भरत का प्रेम केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक था। उन्होंने उस राज्य को अस्वीकार कर दिया जहाँ विवेक (राम), पवित्रता (सीता) और त्याग (लक्ष्मण) उपस्थित न हों। यह त्याग ही भरत को सामान्य व्यक्ति से महान बनाता है। सत्र में राम-भरत मिलाप का प्रसंग विशेष रूप से भावुक वातावरण में प्रस्तुत किया गया। दीदी ने बताया कि श्रीराम ने स्वयं भरत को संसार का सबसे श्रेष्ठ भाई कहा। वहीं भरत ने भी अपने कर्तव्य को समझते हुए सिंहासन पर बैठने के बजाय राम की चरण पादुकाओं को राजगद्दी पर स्थापित किया और स्वयं को केवल एक सेवक और प्रतिनिधि के रूप में रखा। इसके साथ ही आज के सत्र में स्वभाव प्रबंधन पर विशेष मंथन करते हुए दीदी ने कहा कि भरत का महान चरित्र उनके उत्कृष्ट स्वभाव का परिणाम था। उनका विनम्र, शांत, कृतज्ञ और निस्वार्थ स्वभाव ही उन्हें सबके हृदय के निकट लाता है। 'नो कंप्लेन, नो पेन', कृतज्ञता, धैर्य, प्रेम और वफादारी जैसे गुणों को अपनाकर ही व्यक्ति अपने जीवन में भरत जैसा आदर्श स्थापित कर सकता है। इस प्रसंग के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सच्चा नेतृत्व अधिकार में नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और समर्पण में होता है। भरत का चरित्र सिखाता है कि जीवन में अहंकार त्यागकर यदि हम संबंधों और मूल्यों को प्राथमिकता दें, तो हर परिस्थिति में संतुलन और शांति बनाए रख सकते हैं।

# सत्यार्थ प्रकाश पढ़कर युवाओं ने आजादी के लिए किया जीवन समर्पित

**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग का कार्यक्रम हुआ। पहले सभी सदस्यों ने यज्ञ में आहुति देकर क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आचार्य जयदेव शास्त्री ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती और उनकी लिखी क्रांतिकारी विचारों की पुस्तक सत्यार्थ प्रकाश को पढ़कर युवाओं ने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपना जीवन समर्पित कर दिया।



आर्य समाज के अध्यक्ष रूपलाल चावला ने देशभक्ति व ईश्वर भक्ति पर आधारित गीत सुनाया। उपाध्यक्ष डॉ प्रेमांकुर गुप्ता ने वैश्विक विवाद की समस्याओं पर अपनी बात रखते हुए कहा कि आज सभी प्रकार की समस्याओं को यदि दूर करना है तो एक श्रेष्ठ विचारधारा वाले व्यक्तियों को संगठित होना बहुत जरूरी है। वह श्रेष्ठ विचारधारा वैदिक विचारधारा है। संरक्षक अरविंद गर्ग ने समय का पालन करने जोर दिया और कहा कि समय का मूल्य हमें समझना चाहिए। आचार्य जयदेव शास्त्री ने क्रांतिकारियों की गाथा सुनाते हुए कहा कि देश की आजादी में आर्य समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है। 85% क्रांतिकारी आर्यसमाजी थे। उन्हीं में से आज 23 मार्च को तीन युवाओं का बलिदान दिवस है। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव इन तीनों युवाओं को सांडर्स की मृत्यु और असेंबली में बम धमाके के केस में 24 मार्च को फांसी की सजा सुनाई थी लेकिन जनता के आक्रोश के कारण एक दिन पहले ही अंग्रेजों ने तीनों को चुपके से जेल के सब दरवाजे, खिड़की बंद कर 23 मार्च को फांसी दे दी थी।

वेकैंसी

## रेलवे असिस्टेंट लोको पायलट भर्ती के लिए शॉर्ट नोटिफिकेशन जारी

**बिलासपुर।** रेलवे में सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की ओर से असिस्टेंट लोको पायलट के लिए शॉर्ट नोटिफिकेशन जारी कर भर्ती का एलान किया गया है। नोटिस के मुताबिक इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया अगले माह 15 मई से स्टार्ट कर दी जाएगी जो 14 जून 2026 तक जारी रहेगी। भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थी इसमें शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से



ऑफिशियल वेबसाइट पर फॉर्म भर सकेंगे। असिस्टेंट लोको पायलट के रिक्त पदों पर चयनित होने के लिए उम्मीदवारों को सीबीटी 1, सीबीटी 2, कंप्यूटर आधारित योग्यता परीक्षा , दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा परीक्षा से होकर गुजरना होगा।इस भर्ती में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी केवल ऑनलाइन माध्यम से ही फॉर्म भर सकेंगे। ऑफलाइन या किसी अन्य प्रकार से फॉर्म स्वीकार नहीं होंगे। फॉर्म भरने के साथ निर्धारित फीस जमा करना आवश्यक है। बिना फीस के फॉर्म अधूरे मानकर रद्द कर दिए जायेंगे। आवेदन पत्र भरने के साथ अन्य सभी कैटेगरी से आने वाले उम्मीदवारों को 500 रुपये जमा करना होगा वहीं एससी/ एसटी/ एक्स सर्विसमैन/ ट्रांसजेंडर/ ईबीसी वर्ग को शुल्क के रूप में 250 रुपये का भुगतान करना होगा।

स्पोर्टर्स न्यूज

# स्व. लखीराम स्मृति रात्रिकालीन ड्यूस बॉल क्रिकेट का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वर्गीय श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति रात्रि कालीन अखिल भारतीय ड्यूस बाल टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ हुआ। राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रूप में विधायक धरमलाल कौशिक, कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक अमर अग्रवाल अतिथि के रूप में महापौर पूजा विधानी , भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। शुभारंभ पर जमकर आतिशबाजी की गई। और राजा रघुराज सिंह स्टेडियम दूधिया रोशनी से 16 साल बाद राजा रघुराज सिंह स्टेडियम दूधिया रोशनी से जगमगा उठा। प्रतिदिन मैच में चौंके छक्के के बीच चीयर लीडर्स का भी यहां प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

उद्घाटन मैच, गाजियाबाद और वीटीसीए नागपुर बीच खेला गया जिसमें वीटीसीए नागपुर ने अपना पहला मैच जीत कर खाता खोला है। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोहम्मद इरफान को दिया गया। दूसरा मैच



■ क्रिकेट प्रेमियों के लिए राष्ट्रीय स्तर का खेल बड़ी उपलब्धि

जौनपुर और खड़कपुर के बीच खेला गया जिसमें खड़कपुर की टीम ने बड़े स्कोर से एक तरफ जीत हासिल की है। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आशीष डेहरिया को प्रदान किया गय। आयोजन समिति के प्रमुख प्रवीण दुबे ने तथा आयोजन समिति के सदस्यों ने शुभारंभ अवसर पर अतिथियों का स्वागत किया और और प्रवीण दुबे ने कहा है कि शहर विधायक अमर अग्रवाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्तर की यह क्रिकेट प्रतियोगिता हम कर रहे हैं और आने वाले समय में यहां पर आईपीएल और टी 20 की तर्ज पर एक बड़ा आयोजन भी किया जाएगा। आयोजन समिति के सुशांत राय, भंडारी राजेंद्र भंडारी संतोष साहू, ओपी यादव, सतीश गोयल, हितेश केसरी, अध्यक्ष नवीन अयोध्या क्रिकेट संघ के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया बंटी अग्रवाल का सराहनीय योगदान रहा। सभी आठ टीमों के ओनर उद्घाटन पर पांच टीमों के ओनर या मौजूद थे जिसमें प्रमुख रूप से राम ग्रुप के संजय अग्रवाल फील ग्रुप के प्रवीण झा, रॉयल स्वीट्स के सुनील छाबड़ा, प्रथम हॉस्पिटल के डॉ रजनीश पांडे, तथा आर ग्रुप के रवि मोटवानी यहां पर क्रिकेट मैच में विशेष रूप से उपस्थित थे। सेमीफाइनल मैच 27 एवं 28 मार्च को खेले जाएंगे तथा 29 मार्च को इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच के साथ समापन होगा।

### बीसीए नागपुर की टीम ने उद्घाटन मैच जीता

उद्घाटन मैच में बल्लेबाजी करते हुए गाजियाबाद की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 185 रन बनाएं जिसके जवाब में बीसीए नागपुर के खिलाड़ियों ने 5 विकेट खोजकर 17 ओवर में ही 190 रन बनाकर अपना उद्घाटन में से जीत का खाता खोला । नागपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मोहम्मद इरफान ने 65 रन बनाए, और आकाश ने 35 रन बनाए। दिनेश को मोहम्मद इम्तिहान तथा दिनेश ने दो-दो विकेट लिए और अपनी टीम को जीत दिलाई। दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए खड़कपुर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 207 रन बनाए जिसके जवाब में जौनपुर के खिलाड़ी खड़कपुर की टीम के आगे नहीं टिक पाए और जौनपुर की पूरी टीम जौनपुर के खिलाड़ी 10.3 ओवर में 67 रन बनाकर पूरी टीम ऑल आउट हो गई। और खड़कपुर की टीम 141 रनों से एक तरफ जीत हासिल की और अगले चक्र में प्रवेशकर लिया। आज दूसरे दिन का पहला मैच गाजियाबाद और जौनपुर के बीच खेला जा रहा है जिसमें टॉस जीत कर जौनपुर की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 195 रन बनाए।

## खबर संक्षेप

### धर्मजीत के प्रयास से सवा करोड़ के कार्य स्वीकृत



**तखतपुर।** विधायक धर्मजीत सिंह के प्रयास से अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि से लगभग सवा करोड़ के विकास कार्य की स्वीकृति मिली है। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहनभाटा एवं बेलगहना में क्रमशः 15 एवं 10 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य के साथ ही ग्राम बेलपान, अमने घोंघाडीह, सागर, खजुरी खरकेना, लिम्हा, पोंगरिहा, जरेली एवं पंडाकापा में लगभग 1 करोड़ की लागत से 2-2 हाई मास्क स्ट्रीट लाइट की स्वीकृति मिली है तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विभागीय मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### ब्लॉक कांग्रेस सीपत की बैठक आज

**सीपत।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के दिशा-निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर के अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत आज दोपहर 1 बजे सीपत के स्थानीय विश्रामगृह में एक आवश्यक बैठक रखी गई है। बैठक में पंचायत कांग्रेस कमेटी एवं बूथ कांग्रेस कमेटियों के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके लिए मंडल, सेक्टर, बूथ एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों सहित वरिष्ठ कांग्रेसजनों की उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है।

### पेंशनर एसोसिएशन की बैठक आज

**तखतपुर।** पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा तखतपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक 23 मार्च सोमवार को दोपहर 1 बजे रामनगर टिकरीपारा स्थित पेंशनर/कर्मचारी भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक में पेंशनरों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा एवं विमर्श किया जाएगा। प्रमुख रूप से नियमित कर्मचारियों के लिए घोषित महंगाई भत्ता, जो अब तक पेंशनरों को प्राप्त नहीं हुआ है, उसे देय तिथि से पेंशनरों को भी लागू किए जाने के संबंध में विचार किया जाएगा।

### पुल के गड्ढों में नहीं हुआ डामरीकरण, बढ़ी परेशानी

**कोरबा।** कुसमुंडा मुख्य सड़क से शहर की ओर सर्वमंगला पुल पारकर आवाजाही होती है। नवरात्रि पर्व के मद्देनजर आवाजाही में राहत देने सर्वमंगला पुल के गड्ढों को बजरी व गिट्टी से पाटने के बाद डामरीकरण नहीं कराया गया है। भारी वाहन निकलते ही धूल का गुबार उठने से राहगीरों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। हसदेव नदी के निकट सर्वमंगला मंदिर शहरवासियों की आस्था का प्रमुख केन्द्र है। नवरात्रि पर भक्तों की भीड़ जुटती है। शहर समेत उपनगरों से देवी मां के भक्त दरबार में हाजिरी लगाते हैं।

## निधन

### अनूप कुमार जेम्स



**बिलासपुर।** जरहाभाठा ओम नगर निवासी अनूप कुमार जेम्स का 22 मार्च को निधन हो गया। वे 73 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार दोपहर 12 बजे प्रभु वाटिका सिंधी कालोनी में होगा। वे स्नेहलता जेम्स के पति, सरोन निर्मलकर के पिता थे।

### लक्ष्मी बाई रजक



**बिलासपुर।** अभिषेक विहार के सामने यादव गली नंबर - 2 निवासी लक्ष्मी बाई रजक का 22 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 मार्च को सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. छोटे लाल रजक की पत्नी, तुलसी राम रजक और किशन रजक की माता थीं।

### फटकन बाई कश्यप




**तखतपुर।** ग्राम निगारबंद निवासी फटकन बाई कश्यप 90 वर्ष का 22 मार्च को निधन हो गया। वे जनमेजय कश्यप, आयोध्या कश्यप की मां एवं प्रवीण कश्यप, सतीश कश्यप की दादी थीं। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम निगारबंद में प्रातः 9 बजे 23 मार्च को किया जाएगा।

# आस्था का चमत्कार: सेमरिया बाबा के दरबार में मिलते हैं बिछड़े लोग

**सीपत।** चैत्र नवरात्रि पर्व पर क्षेत्र भर में भक्तजन मां की भक्ति में लीन हैं। मान्यता है कि मां विभिन्न रूपों में विराजमान होकर भक्तों के दुखों का निवारण करती हैं। सीपत नगर भी आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बना हुआ है, जहां चारों दिशाओं में देवी-देवताओं की विशेष उपस्थिति नगर की रक्षा और कल्याण की प्रतीक मानी जाती है। नगर के उत्तर दिशा में ठाकुर देव, दक्षिण में श्रीपतेश्वर महादेव, पूर्व में सिद्ध मुनि बाबा तथा पश्चिम में सेमरिया बाबा विराजमान हैं।

वहीं नगर के मध्य में मातेश्वरी, बजरंगबली जी, सिद्धेश्वरी माता, जगदला मुनि और दशमती दाई के पावन धाम स्थित हैं। इन सभी देवी-देवताओं की महिमा निराली है और भक्तों को इनका आशीर्वाद निरंतर प्राप्त होता है। सीपत नगर के पश्चिम दिशा में स्थित बरछा खार के सेमरिया बाबा का धाम विशेष रूप से चमत्कारी माना जाता है। स्थानीय निवासी मोहन कश्यप के अनुसार, यह स्थान सैकड़ों वर्षों से गुम हुए व्यक्ति, पशु, धन एवं अन्य बिछड़ी वस्तुओं को मिलाने के लिए प्रसिद्ध है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि, सच्चे मन से प्रार्थना करने पर हर मनोकामना पूर्ण होती है। करीब दस वर्ष पूर्व तक सेमरिया बाबा खुले आसमान के नीचे विराजमान थे, लेकिन भक्तों की अटूट श्रद्धा और विश्वास ने इस स्थल को आज एक विशाल और भव्य धाम का रूप दे दिया है। वर्तमान में यहां 83 अखंड ज्योति कलश प्रज्वलित होकर पूरे परिसर को आस्था की रोशनी से आलोकित कर रहे हैं।

## दूर-दूर से पहुंचते हैं श्रद्धालु, होती है मनोकामना पूर्ण



### सेवाभाव से जुड़ा है ग्रामीणों का योगदान

सेमरिया बाबा धाम के विकास और व्यवस्थापन में ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा है। इनमें आचार्य चंद्रप्रकाश शर्मा का विशेष योगदान है। सेवक के रूप में विनोद यादव, प्रेम कुमार विश्वकर्मा, बनवासी केवट, आनंद राम, अर्जुन सिदार सहित अनेक ग्रामीण निरंतर सेवा में लगे हुए हैं। चैत्र नवरात्रि के इस पावन अवसर पर सेमरिया बाबा धाम में श्रद्धालुओं की बढ़ती आस्था इस बात का प्रमाण है कि विश्वास और भक्ति के इस केंद्र ने लोगों के जीवन में विशेष स्थान बना लिया है। बिछड़ों को मिलाने की मान्यता के साथ यह धाम क्षेत्र की आस्था और चमत्कार का प्रतीक बन चुका है।

## दपूमरे ने 415 एसी कोच एवं 50 पावर कारों को किया लैस

# 415 एसी कोच में लगा स्मोक डिटेक्शन सिस्टम, यात्रियों को कर रहा अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने सभी एसी कोच में फायर स्मोक डिटेक्शन व सप्रेशन प्रणाली 415 एसी कोच एवं 50 पावर कारों को इससे लैस भी किया जा चुका है, जो यात्रियों को आग लगने की घटना से पहले ही संकेत दे रहे हैं।

ट्रेनों में सबसे अधिक आग लगने की घटना से परेशानी एसी कोच के यात्रियों को होती है। एसी कोच की सारी खिड़कियां और डोर बंद होने की वजह से यात्री आग लगने के कारण इधर-उधर नहीं भाग सकते हैं। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी एसी कोच में फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सिस्टम के अंतर्गत लगभग 8-11 स्मोक सेंसर लगाए गए हैं, जो कोच के शौचालयों के गैंगवे एरिया और कोच के अंदर उपयुक्त स्थान पर लगे हैं। स्मोक डिटेक्शन एक लूप में कंट्रोल माड्यूल से जुड़ा होता है, जो आग लगने की स्थिति में कंट्रोल मॉड्यूल ऑडियो विजुअल साउंड अलार्म, लाइट इंडिकेटर, प्रीलोडेड घोषणा के लिए पीए सिस्टम और ब्रेक का स्वचालित रूप से कार्यरत होने तथा ट्रेन को रोककर और यात्रियों को सतर्क करने में मदद करता है। इसके अलावा ट्रेनों के पावर कार एवं पेंट्रीकार में भी एडवांस फायर एंड स्मोक डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम के तहत एस्पीरेशन एवं हीट टाइप फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सेंसर्स, सप्रेशन आउटलेट, पीएलसी पैसेंजर अलार्म बजर आदि उपकरण लगाए गए हैं। ट्रेनों के पावर कार एवं पेंट्रीकार में फायर स्मोक डिटेक्शन सिस्टम लगने से आने वाले दिनों में ट्रेन के अंदर आग लगने से पहले ही फायर स्मोक डिटेक्शन सिस्टम से अलार्म बजने लगेगा, जिससे आग पर समय रहते काबू कर लिया जाएगा।



### संकेत मिलते ही सेंसर सक्रिय

रेलवे के अनुसार धुंआ, चिंगारी या आग का संकेत मिलते ही सिस्टम में लगा सेंसर सक्रिय हो जाएगा, अलार्म बजने के साथ दोनों सिलेंडर क्रियाशील होकर प्रेशर बनाने लगेंगे। कुछ देर में नाइट्रोजन और पानी का मिश्रण पाइपों में प्रवाहित होने के साथ दबाव बढ़ते ही वाल्व खुलेगा और नाइट्रोजन मिश्रित पानी का बौछार शुरू हो जाएगा। इस प्रकार आग बुझाने पर काबू पा लिया जाएगा।

### हटाए गए पेंट्रीकार से सिलेंडर

ट्रेनों में लगातार आग लगने की घटना पेंट्रीकार के सिलेंडर से हो रही है। रेलवे ने अतिरिक्त एसी कोचों में धूमपान करने वाले भी चिन्हित किए हैं, ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। चलती ट्रेनों में धूमपान से और धुंआ उठते ही अलाम अलर्ट कर देगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पहले पेंट्रीकार से गैस के सिलेंडर हटाया जा चुका है।

### इन ट्रेनों में लगे सिस्टम

वर्तमान में यह फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सिस्टम बिलासपुर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, शिवनाथ एक्सप्रेस, बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस, बिलासपुर–पुणे एक्सप्रेस के साथ जनशताब्दी सहित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 28 जोड़ी ट्रेनों के एसी कोचों में लगाया जा चुका है। इसमें बिलासपुर मंडल की 14 ट्रेनें, रायपुर मंडल की 13 ट्रेनें एवं नागपुर मंडल की एक ट्रेन के सभी एसी कोच, पावरकार एवं पेंट्रीकार में यह सिस्टम लगाया जा चुका है। इस सिस्टम के अतिरिक्त सभी पावर कार, पेंट्रीकार तथा एसी कोचों में अग्निशमन यंत्र भी उपलब्ध कराए गए हैं।

## कोटा-लोरमी-पंडरिया सड़क के लिए 85 करोड़ रुपए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

राज्य शासन ने कोटा-लोरमी-पंडरिया राज्य मार्ग के लिए 84 करोड़ 89 लाख 35 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इस राशि से केन्द्रीय सड़क निधि योजनांतर्गत पुल-पुलियों के निर्माण के साथ ही 11 किमी सड़क का मजबूतीकरण और उन्नयन किया जाएगा।



■ उप मुख्यमंत्री साव के अनुमोदन के बाद प्रशासकीय स्वीकृति का पत्र जारी

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है। श्री साव ने कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्रियों एवं संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। लोक निर्माण विभाग ने प्रमुख अभियंता को कार्य की निविदा समय-सीमा में करने, निर्माण कार्य प्राक्कलन व कार्य संपादित करने में मितव्ययिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने निर्माण एजेंसी से अनुबंधित समय-सीमा में काम पूर्ण किया जाना सुनिश्चित कराने को कहा है। कार्य पूर्ण किये जाने के लिए अनावश्यक समय-सीमा वृद्धि नहीं किए जाने के भी निर्देश विभाग ने दिए हैं। अपरिहार्य एवं नियंत्रण से बाहर मान्य कारणों के आधार पर ही सक्षम अधिकारी द्वारा समय-सीमा में वृद्धि की जा सकेगी।

## लोकतंत्र सेनानियों की स्मृति में विजय स्तंभ बनाने की मांग

**पेंड्रा।** मानवीय मूल्यों और लोकतंत्र की स्थापना के लिए आपातकाल के दौर में संघर्ष करने वाले तथा जेलों में यातनाएं सहने वाले दिवंगत मीसा बंदियों एवं लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान दिलाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। इसी कड़ी में लोकतंत्र प्रहरी संगठन के जिला अध्यक्ष श्रीकांत चतुर्वेदी ने जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में एक विजय स्तंभ के निर्माण की पहल की है।



श्रीकांत चतुर्वेदी ने इस संबंध में शासन-प्रशासन को पत्र लिखकर मांग की है कि, जिले के सभी लोकतंत्र सेनानियों के नाम प्रस्तावित विजय स्तंभ पर अंकित किए जाएं, ताकि उनके संघर्ष, त्याग और बलिदान को स्थायी रूप से संरक्षित किया जा सके। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भी पत्र प्रेषित कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि, विजय स्तंभ का निर्माण न केवल लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान का प्रतीक होगा, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत भी बनेगा।

* **कोरबा।** जिले के कटघोरा व कोरबा वन मंडल में हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों को खतरा हो सकता है, जहां कटघोरा के जटगा रेंज में 49 की संख्या में हाथी लंबे समय से पहाड़ पर विचरण कर रहे हैं। वहीं 9 हाथी कोरबा वनमंडल के पसरखेत रेंज के केराकछार क्षेत्र में विगत एक सप्ताह से डेरा डाले हुए हैं। हाथियों के इस दल में छोटे शावक होने के कारण हाथी ज्यादा दूरी तय नहीं कर रहे हैं और जहां उन्हें सुरक्षित ठिकाना दिखता है, वहीं पर डेरा डाल देते हैं।

### नाबालिग को भगाया आरोपी गिरफ्तार

**तखतपुर।** नाबालिग लड़की को जबरदस्ती भगाकर ले जाने एवं शादी का प्रलोभन देकर अनाचार करने वाले आरोपी को मोतीनगर, जिला रायपुर से पीड़िता को बरामद कर आरोपी राकेश मरावी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी विवेक पाण्डेय ने बताया कि प्रार्थी ने 29 जनवरी को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग लड़की को कोई व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 137(2), 87, 64 बीएनएस एवं 4 पॉक्सो एक्ट आरोपी राकेश मरावी, पिता स्व. आशाराम मरावी, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम कमोदा, थाना तखतपुर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। सूचना पर टीम रायपुर रवाना कर पीड़िता को मोतीनगर में 19 मार्च को आरोपी राकेश मरावी के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी द्वारा पीड़िता को नाबालिग होना जानते हुए भी उसे शादी का प्रलोभन देकर बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाना एवं पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करना पाया गया।

## विश्व ग्लोकोमा सप्ताह: 48 मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण

**मुंगेली।** जिला चिकित्सालय में 9 मार्च सोमवार को विश्व ग्लोकोमा सप्ताह मनाया गया। ग्लोकोमा सप्ताह में 48 मरीज नेत्र परीक्षण कराया, जिसमें 5 मरीज शुगर, 10 मरीज मोतियाबिंद, 3 टेरेजियम, 1 केलेजियांन, 5 सिरदर्द मरीजों की जांच की गई। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ देवेश खांडे ने मरीजों को बताया कि, न दिखने वाले ग्लोकोमा को हराना है।

ग्लोकोमा आंखो की एक खतरनाक बीमारी है, जिसमें खोई दृष्टि वापस नहीं लाई जा सकती। विश्व ग्लोकोमा दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला शाहा, सिविल सर्जन डॉ एमके राय एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम चलाया जा रहा है। नोडल नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ देवेश खाण्डे के परामर्श से जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया, एमसीएच लोरमी, मुंगेली ब्लाक, जिला के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेतगंगा, घोरपुर, नवागांव, कंतेली, जरहागांव, बरेला, पदमपुर, खम्हरिया, लोरमी ब्लाक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरसल, लालपुर, साल्हेघोरी, पथरिया ब्लाक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरगांव, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमोरा, बेलठुकरी, जगताकापा, रामबोड़, सिलदहा में भी विश्व ग्लोकोमा सप्ताह मनाया गया। चिकित्सकों ने बताया कि, ग्लोकोमा के लक्षण के आंख के लाल होना आंखों की दृष्टि क्षमता में निरंतर परिवर्तन, आंखों की दृष्टि क्षमता में कमी, आंखों में इन्द्रधनुष की तरह रंग दिखना, परिधि के दृष्टि क्षेत्र में कमी जैसी समस्याएं होने पर तुरंत नेत्र सर्जन व नेत्र सहायक अधिकारी से संपर्क करें।

## मस्तूरी में गहराया जल संकट, खूंटाघाट जलाशय से पानी छोड़ने की मांग

**मस्तूरी।** बढ़ती गर्मी की तपिश के साथ ही मस्तूरी क्षेत्र में जल संकट गहराने लगा है। जिसे गंभीरता से लेते हुए विधायक एवं उपसचेतक दिलीप लहरिया ने विधानसभा के शून्यकाल में खूंटाघाट जलाशय से पानी छोड़े जाने की मांग रखी।



■ विधायक दिलीप लहरिया ने शून्य काल में उठाया मुद्दा

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगातार गिरते जलस्तर के कारण पेयजल और सिंचाई दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं, जिससे आम जनता और किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

विधायक लहरिया ने सदन में बताया कि मस्तूरी क्षेत्र के कई गांवों में जलस्तर इतना नीचे चला गया है कि हैंडपंप और बोरवेल भी जवाब देने लगे हैं। ग्रामीणों को दूर-दूर से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं, किसानों की फसलें पानी के अभाव में सूखने की कगार पर हैं, जिससे उनकी आजीविका पर भी संकट मंडरा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि खूंटाघाट जलाशय क्षेत्र का एक मात्र प्रमुख जल स्त्रोत है, लेकिन समय पर पानी नहीं छोड़े जाने के कारण इसका लाभ स्थानीय लोगों को नहीं मिल पा रहा है। यदि जलाशय से नियंत्रित तरीके से पानी छोड़ा जाए, तो न केवल जलस्तर में सुधार होगा, बल्कि पेयजल और सिंचाई की समस्या का भी काफी हद तक समाधान हो सकेगा। विधायक श्री लहरिया ने सरकार से मांग की कि इस विषय को प्राथमिकता में लेते हुए तत्काल सम्बंधित विभाग को जलाशय से पानी छोड़ने आदेश जारी करे ताकि मस्तूरी क्षेत्र के लोगों को पानी से राहत मिल सके।

## बच्चों को करियर काउंसिलिंग एवं मेंटरिंग सेशन्स में मिला मार्गदर्शन

**मुंगेली।** सेंट जेवियर्स एवं परीक्षा कॉमर्स, लॉ एंड साइंस एकेडमी की ओर से एक विशेष शैक्षणिक एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




कलेक्टर का सम्मान करते प्राचार्य।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आईआईटी, जेईईटी, नीट, सीए, सीएस एवं सीएलएटी की उच्चतम स्तर की कोचिंग, सही दिशा तथा सटीक करियर मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा करियर काउंसलिंग एवं मेंटरिंग सेशन्स आयोजित किए गए। इस अवसर पर यह जानकारी दी गई कि विद्यार्थियों को आईआईटी एवं एम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से शिक्षित मेंटर्स, प्रमुख कंपनियों में कार्यरत चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं कंपनी सेक्रेटरीज तथा हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले अनुभवी अधिवक्ताओं के मार्गदर्शन में कोचिंग प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामोन्मुख शिक्षा प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर कुंदन कुमार, एसपी भोजराम पटेल, सीईओ जिला पंचायत प्रभाकर पांडेय, प्राचार्य शुभेंदु मंडल, इंजीनियर आदित्य पंत, सीएस अदिति पंत, सीएस मिधासया पुरोहित उपस्थित रहे। विशेष रूप से यह घोषणा भी की गई कि परीक्षा एकेडमी द्वारा विद्यार्थियों के लिए आईआईटी, जेईईटी, नीट, सीए, सीएस एवं सीएलएटी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं हेतु स्पेशलाइज्ड क्लासेस प्रारंभ की जाएंगी, जिससे विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति में सशक्त सहयोग मिल सके। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को करियर चयन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, प्रभावी रणनीति, समय प्रबंधन एवं भविष्य के अवसरों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। एकेडमी के प्रतिनिधियों ने बताया कि, भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इसका लाभ उठाकर अपने करियर को सही दिशा दे सकें। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

## कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

### राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न राजस्व प्रकरणों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने तहसीलवार नामांतरण, सीमांकन, खाता विभाजन, आय, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र से जुड़े मामलों के समयबद्ध एवं संवेदनशील निराकरण के निर्देश दिए।



राजस्व अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर ने सचिव एवं पटवारियों के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने पर जोर देते हुए कहा कि, लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष कैंप आयोजित किए जाएं, ताकि आमजनों को त्वरित सुविधा मिल सके। उन्होंने आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए भी विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए। बैठक में आरआरसी एवं राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने वसूली कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही नक्शा बटांकन, सीमांकन, डिजिटल हस्ताक्षर एवं मसाहती सर्वे जैसे प्रकरणों की भी समीक्षा कर बेहतर प्रगति सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने पटवारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि, राजस्व प्रकरणों में तत्परता से कार्य करें, अन्यथा लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने तथा सोलर इंस्टॉलेशन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही धान उठाव की समीक्षा कर शेष धान का समयबद्ध उठाव सुनिश्चित करने को कहा। गर्मी के मौसम को देखते हुए कलेक्टर ने पेयजल व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए बोर खनन एवं सिंटेक्स टंकी स्थापना कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जल संरक्षण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया। कलेक्टर ने केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से दिलाया जाए। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी सहित एसडीएम और राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।


### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार से अधिकृत एवं निर्देशित होकर आम सूचना सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित कराता हूँ कि ग्राम-मंगला प.ह.नं.35, रा.नि.मं. सरकंडा, ब्लाक बिल्हा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) अंतर्गत स्थित खसरा नंबर 412/2 रकबा 0.2060 हेक्टेयर में से 4896 वर्गफीट भूमि जो कि जमीन मालिक ओंकार पिता स्व. रामकुमार, जीवनलाल बरेठ पिता स्व. त्रिलोचन बरेठ, पनेश्वर प्रसाद पिता स्व. भुवन लाल उर्फ लखन लाल, प्रेम कुमार पिता स्व. भुवन लाल उर्फ लखन लाल पति स्व. हनुमान प्रसाद, रूखमणी पति स्व. रामकुमार, लक्ष्मीप्रसाद पिता स्व. भुवनलाल उर्फ लखन लाल, श्यामकुमार पिता स्व. भुवनलाल उर्फ लखन लाल के नाम पर राजस्व अभिलेखो में दर्ज है जिसे मेरा पक्षकार श्री हेमंत कुमार कश्यप पिता स्व. रामनिहोरे कश्यप, निवासी श्याम टाकिज के पीछे बिलासपुर, तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बतौर ब्याना के रूप में राशि विक्रेता को अदा किया गया है एवं निकट भविष्य में उक्त भूमि का पंजीयन मेरा पक्षकार द्वारा किया जाना है। उक्त भूमि को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय किये जाने पर अगर किसी व्यक्ति, किसी राष्ट्रीय कृत बैंको, वित्तीय संस्थानों या अन्य व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर समस्त मय लिखित दस्तावेजों के साथ नीचे लिखे पता पर प्रस्तुत करें । अन्यथा अवधि समाप्ति के बाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करा लिया जावेगा ।

सो सूचना जाने।

स्थान - बिलासपुर, दिनांक - 22/03/2026

**देवेन्द्र कुमार सोनी (अधिवक्ता)**
**निवास एवं कार्यालय-शैलेन्द्र नगर सी 53 अमेरी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9827165274**



## खबर संक्षेप

### धूमा के छात्रों का नवोदय सैनिक स्कूल में चयन



**सरगांव।** पथरिया विकास खण्ड अंतर्गत प्राथमिक शाला धूमा के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के छात्र योगेश राजपूत, देवेश सिंह एवं सम्राट राजपूत का चयन नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से नवोदय विद्यालय दाबो में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु हुआ है। उन्होंने कहा कि, यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

### ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने नवोदय में मारी बाजी



**पथरिया।** एक ही गांव के दो बच्चों का नवोदय परीक्षा में चयन हुआ है। मोक्ष राजपूत पिता दिनेश राजपूत निवासी ग्राम पेंड्री 90 अंक एवं वहीं अनुप्रिया यादव पिता रोहित यादव निवासी ग्राम पेंड्री 86.25 अंक प्राप्त कर चयनित हुए हैं। क्षेत्र के जनपद सदस्य कोमल साहू ने चयनित बच्चों को पुरस्कृत करने की बात कही है।

### भाजपा युवा मोर्चा में हर्ष को मिली महाविद्यालय प्रमुख की जिम्मेदारी



**पेंड्रा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने संगठन विस्तार के तहत गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए हर्ष मिश्रा को जिला महाविद्यालय संपर्क प्रमुख नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से संगठन में युवा वर्ग को जोड़ने की दिशा में नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।नव नियुक्त जिला महाविद्यालय संपर्क प्रमुख हर्ष मिश्रा ने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों में अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ना उनकी प्राथमिकता होगी।

### मछुआरा प्रकोष्ठ की बैठक में समाज की एकता पर दिया गया बल




**मल्हार।** मछुआरा प्रकोष्ठ की संभाग स्तरीय बैठक बिलासपुर में आयोजित की गई। मछुआरा प्रकोष्ठ विस्तार के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संयोजक प्रदीप केंवट द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त सामाजिक लोगों के साथ शामिल हुई। जिसमें मछुआरा प्रकोष्ठ विस्तार के लिए विशेष चर्चा हुई। जिसमें पूरे बिलासपुर संभाग शहरी एवं ग्रामीण पदाधिकारी उपस्थित हुए और पूरे विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में सार्थक परिचर्चा हुई जिसमें प्रदेश संयोजक प्रदीप कैवर्त, प्रदेश सहसंयोजक प्रेमलता कैवर्त, युगल किशोर कैवर्त, संगीता निषाद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, भाजपा कार्यकर्ता, नगर पंचायत मल्हार अध्यक्ष धनेश्वरी केंवट, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरप्रसाद कैवर्त, राज केंवट, जिला संयोजक मछुआरा प्रकोष्ठ शहरी प्रदीप केवट, मछुआरा प्रकोष्ठ बिलासपुर ग्रामीण संयोजक धनेश्वर केंवट, सहसंयोजक पवन केंवट व नसीब केंवट, राजकुमार केवट, रामेश्वर केवट, संतोष कैवर्त, कृष्ण कैवर्त, महेश केंवट, राम प्रसाद, महावीर केंवट, मंजू केंवट सहित सभी ने अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी की सराहनीय कार्य को बताकर सभी पदाधिकारी को रिचार्ज किया। नगर पंचायत मल्हार के अध्यक्ष धनेश्वरी केवट ने अपने संबोधन में मछुआरा समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने अपील की।

### आधार कार्ड में नाम परिवर्तन की प्रक्रिया हुई आसान



मुंगेली। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधार कार्ड में नाम परिवर्तन की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। अब गजट नोटिफिकेशन के लिए नागरिकों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि यह सुविधा जिले में ही लोक सेवा केंद्र के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। इस व्यवस्था के तहत इच्छुक आवेदक आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने नजदीकी लोक सेवा केंद्र में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इससे आधार में नाम संशोधन की प्रक्रिया अधिक सुलभ, पारदर्शी और समयबद्ध हो सकेगी।आवेदन के लिए निर्धारित दस्तावेजों में भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में जमा 430 का चालान, 50 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटराइज्ड शपथ पत्र, स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित नाम परिवर्तन सूचना की प्रति, दो गवाहों के नाम, हस्ताक्षर एवं पते सहित शपथ पत्र, पुराने और नए नाम के समर्थन में दस्तावेज, सभी संबंधित पहचान पत्र एवं आवेदक व गवाहों के शासकीय पहचान पत्र शामिल हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि, वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए अपने आधार विवरण को अद्यतन रखें, ताकि शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

---

**विश्व जल दिवस** | जगह-जगह हुए विविध आयोजन, लोगों को किया गया जल संरक्षण के लिए जागरूक

# जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

पीएमश्री बीआरसाव शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में विश्व जल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीआरसाव विद्यालय एवं शासकीय हाईस्कूल नवागांव (घु) व शासकीय हाई स्कूल सुरेठा के छात्र-छात्राओं इको क्लब सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान घटते भू-जल स्तर विषय पर कार्यशाला, नदी-तालाब की उपयोगिता पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, जन-जागरूकता अभियान विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।

**खास बात**
- घटते भूजलस्तर पर हुई कार्यशाला

वाद-विवाद प्रतियोगिता में सृष्टि ठाकुर कक्षा 10वी ने प्रथम, छैलेश्वरी 10वी ने द्वितीय तथा विकास राज 10वी ने तृतीय, चित्रकला में रितु जायसवाल 9वी ने प्रथम, कुमकुम 8वी ने द्वितीय तथा पूजा 11वीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा ग्रीन प्लेड्ज लेते हुए नगर में जन-जागरूकता रैली भी निकाली गई। विद्यालय के प्राचार्य पीसी दिव्य ने अपने संदेश में कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और सभी को मिलकर जल बचाने के लिए प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन में प्राचार्य पीसी दिव्य, उप प्राचार्य आरएस क्षत्रिय, जिला समन्वयक इको क्लब बेदराम पटेल, इको क्लब मास्टर ट्रेनर मनाकृष्ण चंद्राकर इको क्लब प्रभारी डीके घोषले, शशीप्रभा सोनी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक लक्ष्मण प्रसाद साहू, रविराज आड़ील, संतोष साहू, रूपेंद्र डहरिया, रोहित दिवाकर, रामकुमारी गंधर्व व सीमा रानी, सोनी मैडम, व्याख्याता एलएन भास्कर, यशवंत दिवाकर, कैलाश क्षत्रिय, प्रीती शर्मा, इको क्लब के सदस्य तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।




रविवार को विश्व जल दिवस आयोजित कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी व शिक्षक।

## रासेयो के स्वयंसेवकों लिया पानी बचाने का संकल्प

**मल्हार।** राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई तक्षशिला उमावि जोंधरा के स्वयंसेवक विद्यार्थियों ने गोद ग्राम केवटाडीह में विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक मनोज कुमार सिन्हा एवं जिला संगठक कांति अंचल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा जल बचाने के लिए विभिन्न उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रैली, नारे एवं जागरूकता अभियान के माध्यम से "जल है तो कल है" का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य पुनेश कुमार पटेल, कार्यक्रम अधिकारी पूरन सिंह ठाकुर, शिक्षक राजेश कुमार यादव, बलराम दिनकर, हेतराम पटेल, देव पटेल, मोतीराम कश्यप, वीरेंद्र साहू, चन्द्रकला पटेल, सीमा साहू, प्रीतम पटेल, चंद्र कुमार पटेल सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कुंती, निहारिका, गीतांजलि, कामता, शिवकुमार, साहिल कुमार, गीता, स्नेहा, सूर्यकान्त, प्रतीक्षा, निशा, कामिनी, रीमा, मुस्कान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था।







## नन्हे बच्चों ने लोगों में जगाई अलख

**बिल्हा।** जिले के जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा, संकुल कन्या बिल्हा के छात्र-छात्राओं द्वारा जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा को लेकर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस विशेष दिन को यादगार बनाने के लिए विद्यालय के नन्हे बच्चों ने रैली, जनसंपर्क, पोस्टर, नुक्कड़ नाटक, निबंध और रंगोली जैसी विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से नगरवासियों को जल के प्रति जागरूक किया। नगर अध्यक्ष वंदना जेन्ड्रे मुख्यातिथि तथा विशेष अतिथि केशव वर्मा सीएसी कन्या बिल्हा एवं संकुल अन्य शिक्षक भी कार्यक्रम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का रूपरेखा शाला के नवाचारी शिक्षक कलेश्वर साहू ने तैयार किया। समारोह का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा निकाली गई जन जागरूकता रैली रही, जिसमें लगभग 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लिए इन बच्चों ने पूरे नगर का भ्रमण किया और नारों के माध्यम से संदेश दिया कि 'जल ही जीवन है'। रैली के दौरान बाजार चौक पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष वंदना जेन्ड्रे ने जनमानस को पर्यावरण की रक्षा और जल संचयन की महत्ता समझाई। सीएसी केशव वर्मा ने बच्चों और पालकों को तकनीकी और व्यावहारिक रूप से जल संरक्षण के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा के प्रधान पाठक साधराम मरकाम, शिक्षक पुनी राम साहू, कलेश्वर साहू, श्वेता केशरी, नीलम सूर्यवंशी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक कलेश्वर साहू ने किया, जबकि अंत में प्रधान पाठक साधराम मरकाम ने आभार व्यक्त किया।

---

## किसानों तक पहुंच रहा राज्य केंद्र की योजनाओं का लाभ

**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश किसान मोर्चा के निर्देश पर जिले के विभिन्न ग्रामों में विकसित भारत जी राम जी कृषक श्रमिक जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम बसिया में जन चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश राजपूत शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश राजूपत ने कहा कि "भाजपा सरकार ने गांव, गरीब और किसान को केंद्र में रखकर योजनाएं बनाई हैं, जिसका सीधा लाभ किसानों तक पहुंच रहा है। आगे उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि ही क्षेत्र के विकास की कुंजी है और सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। जिला महामंत्री दिनेश कौशिक ने कहा कि किसान मोर्चा के माध्यम से किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में रामकुमार कौशिक, सोमेश तिवारी भाजपा जिला मंत्री धर्मेंद्र चंद्राकर, राजकमल साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मन्नूलाल यादव, अंकित पाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवांगन, पुन्नी साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।



## शिक्षा ही जीवन में सफलता का मूल आधार

**पथरिया।** वीरांगना अवंती बाई लोधी शासकीय महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत पथरिया की अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव उपस्थित रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अंजलि शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज पत्रिका "प्रेरणा" के विमोचन के साथ हुआ। इसके पश्चात प्राचार्य प्रो. अंजलि शर्मा ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों, विकास योजनाओं एवं भविष्य की दिशा पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि हुलसी रघु वैष्णव ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का मूल आधार है। महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष रघुनंदन कर्मकार ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए। वहीं पथरिया मण्डल अध्यक्ष संजय राजपूत, महामंत्री बलराम जायसवाल, गणेश सोनी ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए महाविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में रघुनंदन कर्मकार, संजय राजपूत (भाजपा मंडल अध्यक्ष), बलराम जायसवाल, गणेश सोनी, महेंद्र गुप्ता, सभापति इंद्रजीत यादव, अजय यादव, शत्रुघ्न पाली एवं अजय राजपूत उपस्थित रहे। समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। पूरा समारोह उत्साह, उमंग एवं प्रेरणा से परिपूर्ण रहा।




लोधी कॉलेज में पुरस्कार वितरण समारोह व वार्षिक स्नेह सम्मेलन

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**जांजगीर चांपा।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे को अंजाम देकर ट्रैक्टर चालक भाग निकला। बाद में पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया। घटना बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के सोंठी की है।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिले के सपनई पाली निवासी शुभम गोस्वामी अपने जीजा संजय गोस्वामी के घर घूमने आया हुआ था। जिसके बाद वह रविवार 22 मार्च को अपने बाइक से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में सोंठी के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में युवक को गंभीर चोट आई। घटना की सूचना मिलने पर बम्हनीडीह पुलिस मौके पर पहुंची। घायल युवक को बीडीएम अस्पताल चांपा पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद दुर्घटनाकारित ट्रैक्टर का चालक हिरेश पटेल मौके से फरार हो गया था, जिसे बाद में पकड़ लिया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



## समाज के उत्थान के लिए आध्यात्मिक माहौल जरूरी

**मुंगेली।** भगवती मानव कल्याण संगठन जिला इकाई के द्वारा 24 घण्टे के अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन बी.आर साव स्कूल ग्राउंड में सम्पन्न हुआ। 21 मार्च सुबह 11 बजे से लेकर 22 मार्च दोपहर 12 बजे तक कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय महासचिव अजय अवस्थी ने कहा कि आज समाज के उत्थान के लिए आज के समय में आध्यात्मिक माहौल बनाना आवश्यक है। आज के अशांत जीवन जी रहे लोगो को धर्म के पथ पर बढ़ाना बेहद आवश्यक है तभी लोगो का जीवन सार्थक हो पायेगा। इस चालीसा पाठ में शामिल होना कहीं कहीं योग होगा जिसके कारण आज आप सभी बड़ी संख्या में माँ का गुणगान करने यहां उपस्थित हुए है। श्री अवस्थी ने कहा कि हमारे हर कर्म का दंड हमे भोगना पड़ता है इसलिए हमें गलत कार्यो को त्याग देना चाहिए। आज आपने किसी को अपशब्द कहा तो निश्चित यह विधान है कल कोई आपको अपशब्द कहने के लिए देने के लिए तैयार रहेगा। इसलिए हमें सदविचारों की ओर आगे बढ़ना होगा। यह शहर सौभाग्यशाली है जहां हजारों की संख्या में उपस्थित साधको की उपस्थिति हुई है अतः वह दिन निश्चित हो गया है कि इस शहर के घर-घर में माँ का ध्वज लहराएगा। आगे उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार से आग्रह है कि प्रदेश में शराब के सरकारी ठेके देना बंद करे। नशा मुक्ति मांसाहार मुक्त चरित्रवान चेतनावान समाज के निर्माण के लिए उन्होंने संगठन के विचारधारा से जुड़ने का सभी का आवाहन किया। इस कार्यक्रम में संगठन की प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।



## मदकू द्वीप में अनुष्ठान की तैयारियां प्रारंभ

**सरगांव।** श्री हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू में आगामी पुरुषोत्तम मास पर एक माह तक चलने वाले धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारियां विधिवत रूप से प्रारंभ हो गई हैं। विक्रम संवत 2083 के अंतर्गत ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा 17 मई से ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या 15 जून तक यहां विविध आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इस पावन अवधि में विष्णुसहस्त्रनाम अनुष्ठान, यज्ञ, रुद्राभिषेक, सहस्त्रार्चन एवं 108 श्रीमद्भागवत पाठ जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे, जिनमें दूर-दूर से श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बनने लगा है।




इसी क्रम में चैत्र शुक्ल चतुर्थी पर अष्टभुजी गणेश मंदिर मदकू द्वीप में यज्ञ अनुष्ठान की पत्रिका समर्पण कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संत रामरूप दास महात्यागी सहित राधाकृष्ण मंदिर सेवा समिति एवं हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप सेवा समिति मदकू के पदाधिकारी, आयोजन समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से भगवान से प्रार्थना की कि यह महाअनुष्ठान क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि का संदेश लेकर आए।

---

**पेंडारकापा सशिमं में जनगोष्ठी, शामिल हुए क्षेत्र प्रचारक**

# जिस बात से दूसरों को कष्ट हो, वही सबसे बड़ा पाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

सरस्वती शिशु मंदिर पेंडाराकापा में जनगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी के मुख्य वक्ता कैलाश चंद्र मध्य क्षेत्र के क्षेत्र प्रचार प्रमुख रहे। उन्होंने सामाजिक एवं राष्ट्रीय विचारों पर विस्तृत मार्गदर्शन देते हुए उपस्थितजनों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि "जिस बात से दूसरे को कष्ट हो, वही पाप है और जिससे दूसरे को प्रसन्नता मिले, वही पुण्य है।" उन्होंने इस बात पर बल दिया कि ज्ञानी व्यक्ति को परिस्थितियों का सूक्ष्म अवलोकन करते हुए समाजहित में कार्य करना चाहिए।

"परहित सरिस धर्म नहीं भाई" का संदेश देते हुए मुख्य वक्ता कैलाश चंद्र ने स्पष्ट किया कि धर्म केवल बाह्य चिन्ह नहीं, बल्कि आचरण और स्वभाव में धारण करने योग्य तत्व है, जो वैज्ञानिक एवं वृत्ति आधारित है। उन्होंने समाज में सकारात्मक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सज्जन शक्ति को संगठित होकर कार्य करना होगा। "चार लोग मिलकर पूरी बस्ती का परिवर्तन कर सकते हैं" इस विश्वास के साथ उन्होंने एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। महापुरुषों, संतों एवं बलिदानियों के आदर्शों को स्मरण करते हुए समाज को संगठित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में उन्होंने "भूमि सुपोषण अभियान" का उल्लेख करते हुए कहा कि जमीन से प्लास्टिक हटाना हम सभी की जिम्मेदारी है। वर्तमान समय में समाज के प्रत्येक वर्ग को मिलकर बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संघ की स्थापना 1925 में नागपुर में हुई थी। संघ के माध्यम से व्यायाम, अनुशासन एवं निस्वार्थ भाव से समाज सेवा का संस्कार विकसित किया जाता है। उन्होंने कहा कि शाखा का मूल चिंतन महापुरुषों के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज के लिए कार्य करना है। उन्होंने यह भी बताया कि समाज के विभिन्न क्षेत्रोंकृअधिवक्ता, मजदूर, चिकित्सा, शिक्षा आदि में सेवा कार्यों हेतु अनेक संगठन सक्रिय हैं।

कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य बोध एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे पंच परिवर्तन के माध्यम से व्यापक सामाजिक परिवर्तन संभव है। गोष्ठी में मातृछाया के सेवा कार्यों का भी उल्लेख किया गया, जो भोपाल से प्रारंभ होकर बिलासपुर सहित विभिन्न स्थानों पर संचालित है, जहाँ अनेक जरूरतमंद बच्चों को संरक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में समाज के सभी वर्गों से आग्रह किया गया कि वे अहंकार त्यागकर, साथ मिलकर, राष्ट्र और समाज के उत्थान के लिए कार्य करें। "जो तुझमें है, वो मुझमें है यही हिंदुत्व है" के संदेश के साथ गोष्ठी का समापन हुआ।




## निगारबंद में सीएसपीडीसीएल ने मनाया रजत महोत्सव

**तखतपुर।** विद्युत विभाग के द्वारा ग्राम निगारबन्द में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी (विद्युत विभाग ) के द्वारा ₹छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव₹ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्ष के रूप में अम्बालिका कश्यप सरपंच ग्राम पंचायत निगारबन्द एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ऋषभ कश्यप जनपद सदस्य तथा समस्त पंच उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कनिष्ठ यंत्री कमलेश पटेल के द्वारा राज्य गठन के पश्चात 25 वर्षों में ऊर्जा के क्षेत्र में हुए विकास की जानकारी प्रदान की गई। मंचस्थ अतिथियों के द्वारा एकल बत्ती कनेक्शन, घरेलू कनेक्शन, कृषि पंप कनेक्शन, गैर घरेलू कनेक्शन एवम पी एम सूर्यघर योजना अंतर्गत लाभान्वित उपभोक्तओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। स्कूली बालिकाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। सहायक यंत्री हरिनारायण लहरी के द्वारा पी एम सूर्यघर योजना से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी उपस्थित नागरिकों को प्रदान की गयी। साथ ही पीएम सूर्यघर योजना के पंजीयन हेतु रजिस्ट्रेशन डेस्क की व्यवस्था की गयी थी।कार्यक्रम में सरपंच पोंगरिहा, सरपंच चोरमा, रचित दुआ(कनिष्ठ यंत्री), प्रवीण कश्यप, जनमेजय कश्यप ,सुनील डोंगरे, बलदाऊ पटेल, ज्ञानेश्वर, मनोहर एवं बड़ी संख्या में उपभोक्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### चाकू लेकर घूम रहा ग्रामीण गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हिर्री पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार रखकर मेड़पार खार की ओर जा रहा है। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर छोटा मेड़पार निवासी पोखराजपुरी गोस्वामी पिता उमेंद्र पुरी गोस्वामी 53 साल को पकड़ लिया। उसके पास से चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### मारपीट का बदला लेने युवक पर हमला

**बिलासपुर।** पूर्व में हुई मारपीट का बदला लेने के लिए एक युवक की आंख के ऊपर सूजा से हमला कर दिया गया। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, जूना बिलासपुर कतियापारा निवासी मानस गढ़ेवाल पिता भागवत गढ़ेवाल का पूर्व में कौआ राजू से मारपीट हुई थी। 21 मार्च को रात 12 बजे वे मधुबन दयालबंद शराब दुकान के सामने गए थे। इसी दौरान कौआ राजू आया और मेरे से मारपीट किए थे कहते हुए गाली गलौज कर सूजा से मानस गढ़ेवाल की आंख के ऊपर हमला कर दिया। किसी तरह से वह उसके चंगूल से छूटकर भागा। पुलिस ने श्री गढ़ेवाल की रिपोर्ट पर हमलावर कौआ राजू के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अनाचार की कोशिश पैसा लेकर भागा युवक

**बिलासपुर।** घूमने ले जाने के बहाने ने एक युवती के साथ युवक ने अनाचार करने की कोशिश की। विरोध करने पर युवक युवती की मोबाइल व पैसा लेकर भाग गया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, होली के दिन क्षेत्र की रहने वाली युवती को मझला रजक घुमाने के बहाने सुनसान जगह में ले जाकर अनाचार करने की कोशिश करने लगा। युवती ने विरोध किया तो युवक उनका मोबाइल व पैसा लेकर भाग गया। 22 मार्च को उन्होंने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### ढाबे में मिली बाइक चोरी की निकली

**बिलासपुर।** ढाबे में बिना नम्बर की मिली बाइक चोरी की निकली है। उक्त बाइक कोतवाली क्षेत्र से चोरी हुई थी। कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। चकरभाठा टीआई उमेश साहू ने बताया, पिछले दिनों बिना नम्बर की 7 बाइक जब्त की गई थी। एक बिना नम्बर की बाइक को होईकोर्ट रोड स्थित गुरूनानक ढाबे से जब्त किया गया था। उस दौरान ढाबा संचालक ने टीआई श्री साहू पर थाने में उनके साथ दुर्व्यवहार कर मारपीट करने का आरोप लगाया था। सोशल मीडिया उनका वीडियो जोरों से वायरल हो रहा था। पुलिस जब्त बाइक के संबंध में पतासाजी कर रही थी। पतासाजी के दौरान ढाबा से मिली बिना नम्बर की बाइक चोरी की निकली है। सितम्बर 2025 में उक्त बाइक कोतवाली थाना से चोरी हुई थी। कोतवाली थाने में बाइक चोरी की एफआईआर दर्ज है। कोतवाली पुलिस ने ढाबा संचालक को उक्त बाइक के दस्तावेज के साथ थाने में उपस्थित होने नोटिस जारी किया है।

---

**दिखाया और सिखाया कि पढ़ाई व शिक्षा ग्रहण करने की कोई उम्र नहीं होती** — **घरेलू महिलाएं के साथ 50 से 60 वर्ष के प्रौढ़ और बुजुर्ग परीक्षा देने पहुंचे**

# घूंघट की आड़ में महिलाओं ने दी परीक्षा, 60 साल की दादी और काका ने लिखा ककहरा

**बिलासपुर।** कहते हैं पढ़ाई व शिक्षा ग्रहण करने की कोई उम्र नहीं होती है। आप में लगन व जूनून है तो किसी भी उम्र में पढ़ाई कर सकते हैं। ऐसा ही जुनून वृद्ध महिलाओं व पुरुषों में रविवार को देखने को मिला। जिले की हजारों बुजुर्गों ने उम्र के अंतिम पड़ाव में भी परीक्षा दी और साक्षर भी हुए।



रविवार को जिले में राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान (उल्लास कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली बच्चों की बजाय घरेलू महिलाएं और 50 से 60 वर्ष के प्रौढ़ और बुजुर्ग परीक्षा देने पहुंचे थे। कई जगहों पर घूंघट की आड़ में महिलाओं ने पेपर लिखा तो, 60 साल के दादा और काका ने ककहरा लिखकर साक्षर होने का परिचय दिया। देवरानी जेठानी सहित ननंद और भाभी इस उल्लास राज्य व्यापी महापरीक्षाभियान आकलन परीक्षा में शामिल हुए। भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत जिले में इस बार 40 हजार लोगों ने पढ़ लिखकर साक्षर होने का अधिकार प्राप्त कर लिया है। खास बात यह है कि आदिवासी अंचल में भी पढ़ने-लिखने की इच्छा रखने वालों की संख्या बढ़ी है। कार्यक्रम अधिकारी जेके पाटले ने बताया कि रविवार की सुबह 10:00 से शाम 5:00 तक आयोजित हुई। रतनपुर क्षेत्र में माध्यमिक स्कूल में नव साक्षर परीक्षा को लेकर खासा उत्साह देखा गया। यहां परीक्षा देने पहुंचे 60 वर्षीय बुजूर्ग ने बताया कि उन्होंने पूरा प्रश्न पत्र हल कर दिया है। पहले घर के काम और मजदूरी की वजह से पढ़ाई लिखाई नहीं कर सके, लेकिन अब अपने बच्चों और पोते पोतियों को पढ़ते लिखते देख मन में साक्षर होने की इच्छा जागी।

### सेंट्रल जेल में कैदी ने कहा- नई जिंदगी मिली

चारों विकासखंडों सहित बेलतरा रोड, मस्तूरी और कोटा सहित केंद्रीय जेल बिलासपुर में कुल 961 परीक्षा केंद्रों पर 'उल्लास' योजना की साक्षरता आकलन परीक्षा आयोजित हुई। असाक्षरों को साक्षर बनाने के बाद यह आकलन परीक्षा में 40777 से अधिक प्रशिक्षार्थियों ने शत प्रतिशत उत्साह के साथ भाग लिया, जिसमे 10943 पुरुष और 29822 महिला शामिल हैं जो राज्य स्तर पर ऐतिहासिक उपलब्धि है। केंद्रीय जेल बिलासपुर में 100 पुरुष और 33 महिला बंदियों ने उल्लास परीक्षा साक्षरता आकलन परीक्षा दी। केंद्रीय जेल के एक प्रशिक्षार्थी ने कहा कि "साक्षरता ने नई जिंदगी दी।

### नव साक्षर अब पढ़ते हैं अखबार

परीक्षा देने आईं श्रीमती सरोजनी ने बताया कि पहले वह ना मोबाइल चला सकती थी और ना ही अखबार पढ़ सकतीं थे, लेकिन अब वह मोबाइल भी चला सकते हैं और चाय की दुकान पर अखबार भी पढ़ते हैं। अधिकारियों ने बताया कि केवल पुरुष ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं और गृहिणी भी साक्षर होने में रुचि ले रही हैं। परीक्षा दे रहीं सुशीला ने बताया कि वह अब अंगूठा नहीं लगाती हैं, हस्ताक्षर करती हैं. अक्षर ज्ञान होने से वह पढ़ना और लिखना दोनों सीख गई हैं।

### तीन पीढ़ियों ने एक साथ दी परीक्षा, खुश हुए

नोडल अधिकारी जेके पाटले ने बताया कि केन्द्रों में सास- बहू ,ननद -भौजाई के साथ ही तीन पीढ़ियों के असाक्षर शामिल हुए। इसके साथ ही बुजुर्ग पति- पत्नी, दूध मुहे बच्चे के साथ परीक्षा दिलाते हुए नव विवाहित दम्पति भी प्रश्नपत्र हल करते दिखाई दिए। तखतपुर क्षेत्र के शास प्राथमिक शाला देवरीकला में मां कौशल्या सूर्यवंशी (75 वर्ष) और बेटी पुष्पा सूर्यवंशी (36 वर्ष) दोनों ने एक साथ परीक्षा दी। इसी तरह परीक्षा केन्द्र मैंड्रापारा में गांव की श्रीमती पुन्नी बाई,श्रीमती सुरजौतिन, श्रीमती सरोजनी, श्रीमती मोंगरा बाई, श्रीमती ईश्वरी बाई श्रीमती रामप्यारी यादव जो पारिवारिक संबंधों से देवरानी, जेठानी, सहित ननंद भाभी हैं ने एक साथ परीक्षा दी।

---

**रतनपुर से पाली के बीच अनेक स्थानों पर छोटी-बड़ी दर्जनों दरारें**

# इतनी अच्छी सड़क पर ये दरार शोभा नहीं देती..



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एनएचएआई द्वारा रतनपुर से कटघोरा तक बनाई गई फोरलेन सड़क पर दिखाई पड़ने वाली दरार मखमल में टाट के पैबंद वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है। पाली से कटघोरा के बीच सड़क चकाचक है, लेकिन मदनपुर से रतनपुर व लगभग पाली तक सड़क पर दर्जनों दरार नजर आ रही हैं। कहीं-कहीं इसमें सुधार किया गया है, लेकिन दरारों की संख्या देखकर लगता है कि शायद इस सड़क को बनाने वाली कंपनी भी दरार भर-भरकर अब थक चुकी है।

■ पाली से कटघोरा तक सड़क चकाचक

बिलासपुर से कोरबा जाना हो, तो रतनपुर-पाली-कटघोरा होकर जाना अच्छा विकल्प है। समय का पता ही नहीं चलता, लेकिन यह स्थिति कब तक रह सकेगी इसकी कोई गारंटी नहीं है। सड़क पर दरारें दिखने लगीं हैं। विशेषकर मदनपुर के बाद लगभग पाली तक। अनेक स्थानों पर लंबी-लंबी दरार। कहीं पतली तो कहीं मोटी दरारें। पाली से कटघोरा के बीच सड़क बहुत अच्छी है, लेकिन मदनपुर से आगे लगभग पाली तक सड़क पर दर्जनों दरार हैं। अनेक स्थानों पर दरारों को भरने के प्रयास किए गए हैं, जो साफ दिख रहे हैं, लेकिन अनेक स्थानों पर सड़क ने फिर से अपना मुंह खोल लिया है, जिसे तत्काल भरने की जरूरत है।

आज अगर दरारों को तत्काल नहीं सुधारा गया, तो जल्द ही इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। बहुत जल्द अप्रैल-मई महीने में तापमान के 45 डिग्री पहुंचते ही इन दरारों की साईज कई गुना तक बढ़ जाएगी। एनएचएआई का दावा है कि सड़क बहुत अच्छी कंडीशन में है, और कहीं कोई डैमेज नहीं है। इसके अलावा अगर कहीं कोई दिक्कत है भी तो यह सड़क अभी पंद्रह वर्षों की वारंटी में है, जिससे ठेकेदार से तत्काल सुधार करवा लिया जाएगा। विभाग ने कई स्थानों पर लगातार सुधार कार्य करवाने की बात भी कही।

### डिवाईडर पर 70 प्रतिशत प्लांटेशन ऐसे कि बढ़ ही नहीं पाए पौधे

इस सड़क के बीचोबीच बनाए गए चौड़े रोड डिवाईडर पर प्लांटेशन किया गया है। अलग-अलग हिस्सों को मिलाकर लगभग तीस प्रतिशत प्लांटेशन बड़े हो चुके हैं, जिनमें फूल भी खिले हैं। इसके विपरीत 70 प्रतिशत हिस्सा आधे से एक फीट हाईट से बड़ा ही नहीं हो सका है। यहां कहीं भी पौधों को सुरक्षित रखने ट्री-गार्ड नहीं लगाए गए हैं। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों का कहना है कि पौधों के लिए ट्री-गार्ड लगाने का कोई प्रावधान नहीं है। ठेकेदार को इसके लिए किसी भी तरह की अतिरिक्त राशि का भुगतान नहीं किया गया है।



उखड़ रही सड़क।

### दो जगह टोल टैक्स पटा रहे राहगीर क्यों हो सड़क पर दरार

इस मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों को दो स्थानों पर टोल टैक्स पटाना पड़ रहा है। पहला मदनपुर मे, और दूसरा पाली के आसपास लिम्हा टोल प्लाजा में। मदनपुर में 25 तो लिम्हा में 55 रूपए का भुगतान प्रत्येक आने-जाने वालों के द्वारा किया जा रहा है। जब लोग ईमानदारी से टोल टैक्स पटाकर आवागमन कर रहे हैं, तो दरार वाली सड़कें उनके हिस्से में क्यों आनी चाहिए? सड़क पर पड़ी इन दरारों से चारपहिया वाहनों को तो फिलहाल कोई खतरा नहीं है, लेकिन दुपहिया वाहनचालकों का कभी न कभी दुर्घटनाग्रस्त होने का भय बना हुआ है।

### ठेकेदार की राशि रोकी गई

रतनपुर से पाली व कटघोरा के बीच सड़क अभी पंद्रह वर्षों की वारंटी में है। वैसे तो यह पूरी सड़क बहुत अच्छी स्थिति में है, लेकिन अगर कहीं कोई टूटफूट नजर आ भी रही है, तो इसमें तत्काल सुधार करवाया जा रहा है। प्लांटेशन को सुरक्षित रखने ट्री-गार्ड का इस मार्ग में कोई प्रावधान नहीं रखा गया है। ऐसे में ठेकेदार को कोई अतिरिक्त राशि का भुगतान भी नहीं किया गया है।

**-राजेश्वर सूर्यवंशी,** मैनेजर एनएचएआई

---

**होली में एक झापड़ मारने का लिया बदला**

# घर में घुसकर शिक्षिका के पति की हत्या



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व लोग। इनसेट में मृतक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

होली में घर की लकड़ी चुराने का आरोप लगाकर शिक्षिका के पति ने गांव युवक को एक झापड़ मार दिया था। उसी रंजिश लेकर युवक अपने घरवाले व अन्य के साथ मिलकर घर में घूसकर ईट पत्थर, तब्बल, कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमलाकर शिक्षिका के पति की जघन्य की हत्या कर दी। वहीं उनके साथी ने बीच बचाव किया तो जानलेवा हमला कर दिया गया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित तीन पुरूष व दो महिला को हिरासत में ले लिया है। अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। वारदात में महिलाएं भी शामिल है।

कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया, करगीखुर्द कोरीपारा निवासी मोहन पाण्डेय पिता स्व. जगदीश प्रसाद पाण्डेय 52 साल की पत्नी गनियारी भाड़म में शिक्षिका हैं। श्री पाण्डेय अपनी पत्नी व एक बच्चे के साथ भाड़म में रह रहे थे और समय मिलने पर अपने घर आकर खेती बाड़ी देखते थे। होली में उनके घर की लकड़ी चोरी कर होली में जला दी गई थी। श्री पाण्डेय ने चोरी की जानकारी मिलने पर गांव के राजाराम साहू पर घर से लकड़ी चोरी का आरोप लगाकर एक झापड़ मार दिया था। राजाराम साहू ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने मृतक के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया था। उसके बाद से राजाराम साहू व उसके घरवाले श्री पाण्डेय से रंजिश रख रहे थे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### मुख्य आरोपी सहित पांच हिरासत में

हत्या की वारदात से गांव में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने मुख्य आरोपी राजाराम साहू सहित तीन पुरूष व दो महिलाओं को हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ कर अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। हत्या की वारदात में महिलाएं भी शामिल हैं।

### ईंट पत्थर, तब्बल कुल्हाड़ी से मारा

रविवार की छुट्टी होने पर श्री पाण्डेय परिचित गनियारी निवासी शरद कौशिक के साथ अपने गांव करगीखुर्द के घर गए। इसी दौरान राजाराम साहू ने अपने घरवालों व परिचित के साथ उनके घर में घुसकर मारपीट करते हुए ईंट पत्थर से हमला कर दिया। जिससे वे खून से लथपथ होकर गिर गए। उसके बाद हमलावरों ने श्री पाण्डेय के घर में रखे तब्बल, कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला करना शुरू कर दिया। शरद कौशिक ने बीच बचाव किया तो उन पर भी जान लेवा हमला किया गया है। इधर ताबड़तोड़ हमले से श्री पाण्डेय की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### हत्या करने के बाद लाश सड़क पर छोड़ा

हत्या की वारदात में आरोपियों ने गंभीर धाराओं से बचने के लिए मृतक श्री पांडे की घर के अंदर हत्या करने के बाद उनके शव को घसीटते हुए घर से बाहर निकालकर सड़क में छोड़ दियाऔर भाग गए

---

## शापिंग काम्प्लेक्स निर्माण के दौरान नाली क्षतिग्रस्त



**बिलासपुर।** शापिंग काम्प्लेक्स के निर्माण के दौरान शनिवार को सीपत रोड आरके पेट्रोल पंप के पास निगम द्वारा बनाई गई नाली क्षतिग्रस्त हो गई। निगम इंजीनियर जुगल सिंह ने बताया कि अशोक नगर चौक निवासी भवन मालिक पुनाराम साहू द्वारा आरके पेट्रोल पंप के पास मेगा शाप बनाया जा रहा है। इसमें लगातार खुदाई की जा रही है। इससे पहले भी निगम द्वारा सावधानी से काम करने की चेतावनी दी गई थी लेकिन भवन मालिक की लापरवाही जारी रही। शनिवार को पास निगम द्वारा बनाई गई नाली क्षतिग्रस्त हो गई। यही नहीं नाली में चार फिट से अधिक मलबा भर गया। इसे निकालने में निगम कर्मियों को काफी समय लग गया। इसके साथ ही आसपास के घरों में पानी भरने की भी शिकायत मिली। इसे सुधारने में निगम को काफी समय लग गया। शिकायत पर निगम द्वारा पुनाराम साहू को नोटिस जारी करते हुए पेनाल्टी लगाई गई है।

### पान दुकान से 115 पैकेट सिगरेट, गुटखा चोरी करने वाले 7 नाबालिग पकड़े गए

**बिलासपुर।** पान दुकान से 115 पैकेट सिगरेट, गुटखा व नकद रकम चोरी करने वाले 7 नाबालिगों को पुलिस ने पकड़कर चोरी का सामान बरामद कर लिया है। तारबाहर टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, शनिवार की रात व्यापार विहार स्थित मनीष कुमार कुर्रे की पान दुकान का ताला तोड़कर 115 पैकेट सिगरेट, गुटखा व नकद रकम चोरी कर लिया गया था। रविवार की सुबस वे दुकान खोलने गए तो चोरी की जानकारी हुई। श्री कुर्रे ने चोरी की सूचना तारबाहर पुलिस को दी। शनिवार की रात पेट्रोलिंग के दौरान पुलिसकर्मियों ने रात 1 बजे क्षेत्र के नाबालिगों को व्यापार विहार में घूमते देखा था। पुलिस ने 7 नाबालिगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने पान दुकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया है। उनके पास से 115 पैकेट सिगरेट, गुटखा, 300 रुपए नकद रकम बरामद की गई है।

### आईटीआई में स्टार्टअप व उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम

**बिलासपुर।** शासकीय आईटीआई कोनी में एक दिवसीय "स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उद्योग केन्द्र के प्रबंधक सुनील कुमार पाण्डेय ने किया। जिन्होंने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कार्यालय द्वारा उद्यमियों को उद्योग स्थापना के प्रत्येक चरण में उपलब्ध सहायता एवं अनुदान संबंधी जानकारी भी दी गई। ग

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# जन संघर्ष समिति ने नेताओं से साधा संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



■ उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू व विधायक अमर अग्रवाल से की मुलाकात

ज्यादा से ज्यादा शहरों तक बिलासपुर से हवाई सुविधा बढ़ाने के लिए हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति प्रयास कर रही है। इसके तहत जनप्रतिनिधियों से संपर्क साधा जा रहा है।

समिति ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विधायक अमर अग्रवाल से चर्चा की है, साथ ही केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को पूरी परिस्थितियों से अवगत कराया गया है। गौरतलब है कि अलांइस एयर के द्वारा 28 मार्च से 27 अक्टूबर के बीच उड़ानों के संचालन समर शेड्यूल करता है लेकिन अब भी तक शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। समय पर शेड्यूल नहीं मिलने पर बिलासपुर फ्लाइट का परिचालन बंद होने की आशंका है। हवाई सुविधा जल संघर्ष समिति ने कहा कि पिछले 4 साल से लगातार बिलासपुर से लगभग डेढ़ लाख यात्री अलाइंस एयर की फ्लाइट से यात्रा कर चुके हैं।

बिलासपुर में उच्च न्यायालय, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का मुख्यालय, एसईसीएल मुख्यालय और सहित रतनपुर जैसे देवी शक्ति पीठ तक मौजूद है, जहां पर्याप्त सवारी उड़ानों मिलनी चाहिए। लेकिन इसके बावजूद अलाइंस एयर द्वारा पर्याप्त फ्लाइट उपलब्ध नहीं कराई जाती है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि केवल दिल्ली और प्रयागराज के साथ ही हैदराबाद के लिए उड़ान शुरू किया जाना जरूरी है।

समिति ने अलाइंस एयर उड़ानों को सुबह और देर शाम में परिचालन करने का सुझाव दिया है, जिससे बावजूद 72 सीटर विमान में सुविधा अनुसार फ्लाइट का परिचालन किया जा सके। दरअसल 40 डिग्री टेंपरेचर से ऊपर तापमान होने पर विमान में यात्रियों की संख्या घटाई जाती है, जिससे राज्य सरकार पर सब्सिडी का भार पड़ता है। सुबह 10 बजे के पहले और शाम 5 बजे के बाद रात 10बजे तक फ्लाइट आसानी से चलाई जा सकती है।

